हरिभूमि
रायपुर भूमि

4 करोड़ खर्च कर 30 हजार पौधे लगाए, जांच में मिले केवल 1500

भारसाधक सदस्य भोलाराम साहू ने आयुक्त से शिकायत, कहा- गलत जानकारी दे रहे अधिकारी

जांच कराएंगे

उद्यानिकी विभाग के भारसाधक सदस्य ने पौधारोपण में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। सदस्य ने पौधारोपण की पड़ताल की है, जिसमें 30 हजार पौधों की जगह केवल 1500 पौधे मिले। यह बहुत बड़ा अंतर है। पूर्व की परिषद के कार्यकाल का मामला है, अनियमितता की जांच कराएंगे। गड़बड़ी में जो भी संलिप्त पाया जाता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

- **मीनल चौबे,** महापौर रायपुर नगर निगम

गंभीर है मामला

मामला गंभीर है, जानकारी आने के बाद स्थितियां स्पष्ट होंगी। अधिकारियों ने जवाब देने एक सप्ताह का समय मांगा है, फिलहाल मौखिक तौर पर जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार भ्रष्टाचार किये जाने की पूरी आशंका है।

- **मनोज वर्मा,** नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, नगर निगम रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण के नाम पर गड़बड़झाला हुआ है। 4 करोड़ खर्च कर लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे रोपित करने का दावा विभाग के अधिकारियों ने किया। बताई गई जगह पर जब विभाग के एमआईसी सदस्य निरीक्षण करने पहुंचे, तब वहां करीब 1500 पौधे दिखाई दिए। इस बात से बिफरे संबंधित एमआईसी सदस्य ने निगम आयुक्त विश्वदीप से इसकी शिकायत करते हुए कहा है, उन्हें पौधारोपण की गलत जानकारी दी गई है, सही आकलन कराया जाए।

दरअसल, गत दिनों गांधी सदन मे पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू ने विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने ▶▶| शेष पेज 13 पर

एमआईसी सदस्यों ने ली बैठक, जवाब नहीं दे पाए अधिकारी

बुधवार को इस मामले में नगर निगम एमआईसी सदस्यों ने उद्यानिकी विभाग के सहायक अभियंता सोहन गुप्ता और अन्य अधिकारियों की बैठक भी ली। इसमें पौधारोपण में गड़बड़ी को लेकर चर्चा हुई। साथ ही यह जानकारी मांगी गई कि दस जोन में कौन-कौन से अधिकारी उद्यानिकी विभाग के इंचार्ज हैं? उनके नाम व मोबाइल नंबर क्या हैं, उद्यानों की देखरेख के लिए कितने लोग रखे गये हैं, लेकिन अधिकारी इस संबंध में जानकारी नहीं दे पाए। उन्होंने 14 अप्रैल तक का समय मांगा है। बैठक में एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, महेंद्र खोडियार शामिल रहे।

खबर संक्षेप

फरार दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

रायपुर। पंडरी तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने फरार दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने पंडरी में चार वर्ष पूर्व एनडीपीएस एक्ट में फरार बदमाश यासीन अली तथा डीडीननगर थाना क्षेत्र में हत्या की कोशिश तथा चाकूबाजी के पांच वर्ष पूर्व के मामले में विनय रक्सेल को गिरफ्तार किया है।

चोरी की बाइक, मोबाइल के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रायपुर। आमानाका पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को चोरी की बाइक तथा तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने

सीमांचल मगराज की शिकायत पर गिरधर विश्वकर्मा उर्फ लादेन को गिरफ्तार किया है। सीमांचल ने 27 मार्च को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान पुलिस को हिस्ट्रीशीटर बदमाश बाइक बेचने के फिराक में ग्राहक ढूंढने की जानकारी मिली। पुलिस ने गिरधर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बाइक के साथ मोबाइल चोरी करने का अपराध कबूल किया।

अमानत में खयानत का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

रायपुर। धरसींवा पुलिस ने सात माह पूर्व 10 करोड़ रुपए के अमानत में खयानत करने के आरोप में हरियाणा से एक फरार

आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिमगा स्थित अपोलो फैक्ट्री के मैनेजर संतोष कुमार राय की शिकायत पर पुलिस ने फरीदाबाद निवासी पुनीत दहिया को गिरफ्तार किया है। संतोष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ट्रेलर में रॉ-मटेरियल क्वाइल लोड कराई थी, जिसे पुनीत ने निर्धारित जगह अनलोड करने के बजाय किसी अन्य जगह ले जाकर बेच दिया।

61 अहातों के लिए सौ से अधिक आवेदन, टेंडर 15 को खुलेगा

देशी-विदेशी शराब अहातों का ठेका अब एक को ही, झगड़े से बचने आबकारी ने बदला नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग इस बार देशी-विदेशी शराब दुकानों के पास शराब पिलाने के लिए अहाता का ठेका समूह में देगा। पॉलिसी के शुरुआती साल में देशी और विदेशी शराब दुकान के अहाता का अलग-अलग ठेका दिया गया था, लेकिन इस बार यह ठेका समूह में दिया जाएगा। यानी किसी भी एक स्थान पर अगर देशी और विदेशी दोनों दुकान संचालित है, तो इसका ठेका भी एक आवेदक को ही मिलेगा। विभाग ने यह निर्णय पिछली बार दिए गए ठेका से सबक लेते हुए लिया है। पूर्व में देशी और विदेशी अहाता के लिए अलग-अलग आवेदन मंगाए गए थे। इसके आधार पर ही सबसे ऊंची बोली लगाकर आवेदन भरने वाले को अहाता का ठेका भी दिया गया था। इस वजह कई स्थानों पर जहां देशी-विदेशी दोनों दुकान ▶▶| शेष पेज 13 पर

61 अहाता के लिए टेंडर, 46 के लिए ही किए गए आवेदन

जिले में पिछली बार की तरह इस बार भी 61 अहाता के लिए ऑनलाइन टेंडर निकाले गए हैं। इनकी तुलना में 46 समूह अहाता के लिए आवेदन किए गए हैं, वहीं 15 अहाता के लिए आवेदन ही नहीं किए गए। आवेदन करने की अंतिम तारीख 11 अप्रैल थी। इस तारीख तक कुल 103 आवेदन किए गए हैं, जिनमें सर्वाधिक आवेदन चंदनीडीह अहाता के लिए किए गए हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार चंदनीडीह के लिए कुल 8 आवेदन आए हैं।

इन अहातों के लिए एक भी आवेदन नहीं

जिन अहाता के लिए आवेदन नहीं किए गए हैं, उनमें अभनपुर, नवापारा, आरंग, लखौली, गुल्लू, खरोरा, मंदिर हसौद, सिलतरा, संतोषीनगर, नेवरा, मांढर, गुढ़ियारी आदि शामिल हैं। इनमें कहीं देशी तो कहीं विदेशी शराब अहाता के लिए आवेदन नहीं आए हैं।

दो साल का ठेका, 100 से ज्यादा आवेदन

पुराना ठेका 31 मार्च 2025 को खत्म हो गया। नए ठेका दो वर्ष के लिए दिए जाएंगे। इसके लिए 11 अप्रैल तक आवेदन मंगाए गए थे। 46 समूह अहाता के लिए 100 से ज्यादा आवेदन आए हैं। टेंडर 15 तारीख को खोले जाएंगे। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को ठेका दिया जाएगा।

- **रामकृष्ण मिश्रा,** उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

समूह में अहाता, इसलिए ठेका मिलते ही देनी होगी बड़ी राशि

इस बार देशी-विदेशी दोनों अहाता का एक साथ ठेका दिया जाएगा। इससे ठेकेदार को भी दोनों अहाता का ठेका जिस बोली में उठाएंगे, उस बोली की राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा शुरुआत में जमा करना होगा, वहीं करीब दो महीने की लाइसेंस फीस की राशि भी देनी होगी। इस तरह ठेकेदार को दोनों अहाता के लिए बड़ी राशि जमा करनी होगी।

पिछली बार महंगे में जाने के कारण सरेंडर हुए थे 29 अहाते

जिले में पिछली बार भी 61 अहाते ठेके पर दिए गए थे, जिनमें से 29 अहातों को ठेकेदार चला नहीं पाए। इन अहातों को ठेकेदारों ने महंगे रेट पर उठा लिए थे, जिसके कारण अहाता से लाभ की जगह नुकसान होने लगा। इस कारण किसी ने एक महीने बाद तो किसी ने दो महीने के बाद लाइसेंस फीस जमा करना छोड़ दिया। इस तरह विभाग ने इन अहातों को बंद कर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया।

चिकन को लेकर दो सगे भाई आपस में भिड़े, एक दूसरे को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकन खाने के विवाद पर दो भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। चिकन को लेकर दोनों भाइयों ने एक दूसरे पर सब्जी काटने वाले चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर एक दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है। पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दोनों की हालत स्थिर है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक एक दूसरे पर चाकू से हमला करने वाले दोनों भाई बदमाश प्रवृत्ति के हैं। पुलिस के अनुसार अजय मिरी और उसके छोटे भाई साहिल मिरी के बीच चाकूबाजी की घटना हुई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अजय तथा ▶▶| शेष पेज 13 पर

- पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही

पुलिस को पड़ोसियों से मिली जानकारी

दोनों भाइयों के बीच चाकूबाजी की घटना की जानकारी पड़ोसियों ने उनके परिजनों के साथ पुलिस को दी। परिजनों ने घर पहुंचकर दोनों भाइयों के बीच विवाद शांत कराया और गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। मौके पर पहुंची पुलिस पड़ोसियों से जानकारी लेने के बाद दोनों भाइयों के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया है कि दोनों भाइयों में पहले भी घरेलू बातों को लेकर कहासुनी होती रही है, लेकिन इस बार मामला खून-खराबे तक पहुंच गया। पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

दिल्ली में बदला मौसम, सुबह की दो फ्लाइट दोपहर में रायपुर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में बदले मौसम का असर शनिवार को रायपुर आने वाली सुबह की फ्लाइट पर नजर आया। इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट जो सुबह नौ बजे के पहले रायपुर पहुंचती है, वो दोपहर में यहां लैंड हुई। आगमन देर से होने की वजह से वापसी में भी विलंब हुआ। इसके अलावा दोनों शहरों के बीच संचलित होने वाली अन्य फ्लाइट भी आधे से एक घंटे विलंब से चली।

दिल्ली में शुक्रवार को मौसम में हुए बदलाव की वजह से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट प्रभावित हुई थी। इसका असर शनिवार को रायपुर आने वाली फ्लाइट पर दिखा। जानकारी के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट जो दिल्ली से उड़कर सुबह 8.45 बजे रायपुर में लैंड होती है, वो दोपहर 1.15 बजे यानी साढ़े चार घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसी तरह एयर इंडिया की फ्लाइट जो सुबह 8.20 बजे रायपुर आती है, उसका आगमन भी दोपहर 12.34 बजे हुआ। शेष विमानों की आवाजाही भी अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से हुई। विमानों के लेट होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम का मिजाज बदलने की वजह से कुछ दिनों पहले नागपुर का मौसम बुरी तरह प्रभावित हुआ था। इसकी वजह से विभिन्न फ्लाइट को दूसरे शहर डायवर्ट किया गया था। वहां उतरने वाली चार फ्लाइट रायपुर में लैंड हुई थी और मौसम साफ होने के बाद उनकी वापसी हुई थी।

अन्य उड़ान भी आधे घंटे से एक घंटे तक लेट

दिल्ली का किराया दस हजार

वर्तमान में दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा फ्लाइट संचालित होती है, इसके बाद भी वहां का किराया दस हजार रुपए देना पड़ रहा है। रविवार को दिल्ली जाने का न्यूनतम फेयर 12 हजार के करीब है, वहीं वापसी का किराया साढ़े 13 हजार के लगभग है। इसी तरह कोलकाता जाने का किराया 11 हजार से अधिक है। मुंबई आवाजाही का फेयर फिलहाल दस हजार रुपए से कम है।

ट्रैकिंग नहीं करने से 70 प्रतिशत यात्रियों के अभी तक नहीं मिले हैं गुम मोबाइल

ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों में हर महीने दर्जनों मोबाइल चोरी की घटना

ट्रेनों में बढ़ी मोबाइल लूट की घटना जीआरपी करेगी मोबाइल ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों में मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं से यात्री परेशान हैं। खासकर सरोना और कुम्हारी स्टेशन के आसपास यात्रियों के मोबाइल छीनने और चोरी की शिकायतें बढ़ी हैं। परेशान करने वाली बात यह है कि घटना के बाद भी यात्रियों को एफआईआर दर्ज कराने के लिए जीआरपी थानों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि ▶▶| शेष पेज 13 पर

अब बढ़ाया जाएगा सीसीटीवी का कवरेज

जनदर्शन कार्यक्रम में भी चोरी के मुद्दे को यात्रियों ने प्रमुखता से उठाया। यात्रियों ने मांग की कि स्टेशन के 'डार्क एरिया' यानी उन स्थानों पर जहां सीसीटीवी कवरेज नहीं है, वहां भी कैमरे लगाए जाएं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने इस पर संज्ञान लेते हुए आरपीएफ और जीआरपी को गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चोरी की घटना पर तत्काल कार्रवाई की बात भी कही गई है, ताकि यात्रियों को भटकना न पड़े।

मोबाइल ट्रैकिंग करेंगे

जनदर्शन में मोबाइल चोरी की शिकायत मिली है। जीआरपी यात्रियों का मोबाइल का ट्रैकिंग करेगा, ताकि मोबाइल का सही लोकेशन पता लगाया जा सके। ज्यादातर चोरी यात्रियों की लापरवाही से होती है। यात्री चार्जिंग में लगाकर मोबाइल छोड़ देते हैं।

- **एसएन अख्तर,** डीएसपी रेल

पलक झपकते चोरी हो रहे फोन : चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर मोबाइल छीनने की घटनाएं अब यूपी-बिहार की तर्ज पर रायपुर में भी आम होने लगी हैं। खासकर आउटर इलाकों जैसे सरोना और कुम्हारी के आसपास ऐसी वारदातें तेजी से बढ़ी हैं। हर महीने दर्जनभर से अधिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

बैसाखी का पर्व हर साल मेष संक्रांति के साथ मनाया जाता है। यह पर्व खुशियों, समृद्धि और एकता का प्रतीक है, खासकर सिख समुदाय के लिए। आइए जानते हैं बैसाखी की सही तिथि, इसका सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व।

बैसाखी का पर्व हर साल अप्रैल महीने में मनाया जाता है और यह खासतौर पर उत्तर भारत में अत्यधिक धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है और नई फसल की कटाई की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही, बैसाखी का पर्व सिख समुदाय के लिए धार्मिक महत्व भी रखता है, क्योंकि इस दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है, भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिन भी है। इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है। आइए जानते हैं कब मनाई जाएगी बैसाखी और क्या है इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व।

बैसाखी का सांस्कृतिक महत्व

बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधान समाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है, क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत का फल मिल रहा होता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं।

इसके साथ ही, बैसाखी का पर्व सामूहिक उत्सव का रूप भी धारण करता है। समाज के लोग एक साथ मिलकर नृत्य, संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पंजाब में 'भांगड़ा' और 'गिद्दा' जैसे पारंपरिक नृत्य होते हैं, जो न केवल आनंद का स्रोत होते हैं, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। यह दिन अपने आप में खुशी और एकजुटता का प्रतीक होता है, जब लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशी बांटते हैं और जीवन के नए चक्र की शुरुआत का स्वागत करते हैं।

कैसे मनाते हैं बैसाखी

बैसाखी के दिन लोग अपने घरों को सजाते हैं, विशेष पूजा करते हैं और गुरुद्वारों में अरदास की जाती है। सिख समुदाय में इस दिन को खास धार्मिक महत्व मिलता है, क्योंकि इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इसके अलावा, लोग इस दिन नई फसल के आगमन की खुशी में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और पारंपरिक गीत गाते हैं। बैसाखी को उत्तर भारत में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, खासकर पंजाब में, जहां इस दिन विशेष मेलों का आयोजन होता है।

खबर संक्षेप

शिवसेना ने समाज प्रमुख व पत्रकारों का किया सम्मान

आरंग। गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर आरंग में शिवसेना के तत्वावधान में आयोजित जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह में शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल ने नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों व पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। जिसमें पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, गायत्री शक्तिपीठ आरंग, बाबा बागेश्वर नाथ महादेव गो सेवा समिति आरंग, ओम शांति संस्थान आरंग को नगर में निरंतर पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा, गौ सेवा, धार्मिक प्रचार प्रसार व रचनात्मक कार्यों के लिए तथा नगर के प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया जगत से जुड़े सभी पत्रकारों को लंबे अर्से से नगर व अंचल में सकारात्मक पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिवसेना से जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दूबे सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के सदस्यों व नगर वासियों की उपस्थिति रही।

बेमता में आज माता कर्मा की जयंती मनाई जाएगी

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम बेमता में 13 अप्रैल को भक्त कर्मा माता की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। अध्यक्षता धनुष साहू अध्यक्ष ग्राम इकाई साहू समाज करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि शैल महेंद्र साहू जिला पंचायत रायपुर, देवनाथ साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज रायपुर ग्रामीण, चांदनी शत्रुहन यदु जनपद सदस्य सांकरा, अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर जिला ग्रामीण पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ तिल्दा, अमीन साहू महिला उपाध्यक्ष, सत्यवती साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तिल्दा नेवरा, भारत लाल साहू अध्यक्ष माँ कर्मा मंदिर समिति सोमनाथ, संतोष साहू अध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, मुकेश साहू उपाध्यक्ष, जामवती साहू महिला उपाध्यक्ष, तखत साहू सचिव, बलदाऊ साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण, चेतन वर्मा उप सरपंच ग्राम पंचायत बेमता आदि होंगे।

ठगी : फर्जी अधिकारी और कथित पत्रकार पुलिस गिरफ्त में

ओवरलोड के नाम पर वाहन की जांच की फर्जी माइनिंग अधिकारी ने ऐंठे 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर राजिम मार्ग मे 11 अप्रैल को मानिकचौरी रेलवे क्रांसिग के पास रेत भरकर आ रही हाईवा वाहनों को रोककर अपने आप को तथाकथित माइनिंग अधिकारी एवं पत्रकार बताकर हाईवा वाहनों में ओवरलोड एवं रायल्टी जांच कर रहे थे उक्त वाहन के चालक के पास रायल्टी पर्ची नहीं होने पर हाईवा चालकों को 4 लाख रूपये का ऑनलाईन चालान काटने की धमकी दी गई,इससे चालक ओमलाल यादव एवं मोहित साहू से 30 हजार रूपये फोन पे के माध्यम से वसूली की गई। इस संबंध मे चालक द्वारा अपने अपने मालिको को सूचना दिया तथा ट्रक मालिक ने चालको को उनका पीछा करने के लिए कहा गया तथा चालकों ने तथाकथित माइनिंग अधिकारी व पत्रकार को पकड़कर थाना लाया गया।

इस संबंध में चालक ओमलाल यादव द्वारा लिखित शिकायत की गई है कि मानिकचौरी रेलवे फाटक के पास पहुंचा था उसी समय कार क्रं माक सीजी 04 एनयू 4215 मे बैठे चार लोग नीचे उतरे और गाड़ी को रोकने के लिए हाथ मारा,गाड़ी खड़ी करने पर रायल्टी की मांग किया गया और कहने लगे गाड़ी मे ओवरलोड है 20 हजार रूपये की मांग करते हुये बताया कि हम लोग माइनिंग अधिकारी व पत्रकार है पैसा नही देने पर 4 लाख रूपये का ऑनलाईन चालान कटेगा। इसी तरह मेरे पीछे हाईवा ट्रक क्रं माक सीजी 04 पीवाय 8256 जिसको डायवर संदीप कुमार चला रहा था उसे भी रोककर 5 हजार रूपये की मांग करने लगे नही देने पर चालान की धमकी दी गई, पैसा नही होने की बात कहने पर उनके द्वारा अपने मोबाइल से बार कोड देकर 15 हजार रूपये ट्रांसफर करवाया गया। चारो लोग आपस मे एक दूसरे का नाम ले रहे थे महिला का नाम तिलका साहू ,माइनिंग अधिकारी बताने वाला आशीष यादव एवं बार कोड देने वाला प्रणव साहू एवं कार चालक संदीप साहू यह लोग पैसा लेने के बाद एक सादे कागज मे गाड़ी नंबर और अंग्रेजी मे खनिज विभाग लिखकर दिये और उनके द्वारा बोला गया कि यह कागज आगे दिखाना दोबारा चालान नही होगा तथा इन सभी व्यक्तियो के हाव भाव से शंका होने पर अपने अपने ट्रक मालको को सूचना दिया जिसपर मालिको को मिली निर्देश पर तथाकथित फर्जी मायनिंग अधिकारी व पत्रकारो का पीछा कर पकडक़र थाना के हवाले किया गया। अभनपुर थाना मे इस मामले मे बीएनस धारा 204, 3(5), 308 (2), 318(4), 319(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो के बारे मे और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

मनवा कुर्मी समाज का महाधिवेशन आज से, कलश यात्रा निकाल कर करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय

- समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया जाएगा

महा अधिवेशन इनडोर स्टेडियम रायपुर में दो दिवस आयोजित है, प्रथम दिवस 13 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से होगा, इसमें महापौर मीनल चौबे एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा फूल चौक में डॉक्टर खूबचंद बघेल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। कलश यात्रा कुर्मी बोर्डिंग से आरंभ होकर तात्यापारा, कंकाली तालाब ,पुरानी बस्ती होते हुए कार्यक्रम स्थान इनडोर स्टेडियम रायपुर में पहुंचेगी ।मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा एवं रायपुर राज के सचिव सुनील नायक ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप , समाज के प्रतिनिधि पदाधिकारी अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर समाज के महान पुरोधा डॉक्टर खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, छत्रपति शिवाजी महाराज, दानवीर भोला प्रसाद , तुलाराम परगनिहा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ करेंगे ।

स्वगत गीत से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

अधिवेशन के आरंभ में कुर्मी गौरव गीत, स्वागत गीत,अतिथि का स्वागत किया जाएगा। समाज के दर्पण मनवा कुर्मी समाज द्वारा दिए गए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रतिवेदन वाचन जिसमें आगामी कार्य योजना एवं समाज का आगामी रूपरेखा का समावेश होगा । कुर्मी समाज में 10 राज्य की स्थापना की गई है, राज के राज प्रधान द्वाराअपनी उपलब्धि एवं कार्य योजना का दृष्टिकोण प्रथम दिवस प्रस्तुत किया जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव पर पारंपरिक वेशभूषा में महिला-पुरुषों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

आज धरसींवा अंचल भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। पवनपुत्र हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

- अनेक स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया . हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसादसम्मान

इस पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें स्थानीय विधायक श्री अनुज शर्मा ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। धरसींवा अंचल के ग्राम परसतराई,धरसींवा, चरौदा सहित पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्म उत्सव की धूम रही। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड और विभिन्न धार्मिक भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दोपहर के समय अंचल में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ग्राम परसतराई में शोभा यात्रा में सजे हुए रथों पर भगवान हनुमान की मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे पुरुष, महिलाएं और बच्चे जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत ने शोभा यात्रा को और भी जीवंत बना दिया। विधायक अनुज शर्मा भी इस शोभा यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। शोभा यात्रा के समापन के बाद विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक अनुज शर्मा ने स्वयं भी भंडारे में उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं और उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। अंचल के नागरिकों ने हनुमान जन्मोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों और स्वयंसेवकों की सराहना की। पूरे दिन धरसींवा अंचल में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों में विधायक अनुज शर्मा की सक्रिय भागीदारी ने स्थानीय लोगों में और भी उत्साह भर दिया।

हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा की व प्रसाद बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनुपर नगर सहित क्षेत्र मे भगवान हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, नगर मे ही प्रायः सभी छोटे बड़े मंदिरो मे भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सांई नगर रेसिडेन्सी वेलफेयर सोसायटी मे महिला मानस परिवार के द्वारा सुंदर कांड पाठ,हनुमान चालीसा पाठ एव आरती कर प्रसादी वितरण किया गया,कॉलोनी की महिलाये अपने पारिवारिक दायित्वो के साथ साथ सनातन के कार्यो मे आसीम योगदान दे रही है इस कॉलोनी मे कॉलोनी के मंदिर मे विगत 2 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर करते आ रहे है,अपने परिवार के सदस्यो के साथ अनवरत सनातन धर्म को जागृत कर रही है। प्रमुख रूप से कस्तूरी बाई,शारदा जैन,वंदना साहू, ललिता नेताम,अंजू साहू, कामनी कंवर,इन्द्राणी चन्द्राकर, वीणा धुरव, हेमलता प्रज्ञापति , सीमा साहू, ममता साहू, पल्लवी ठाकुर,रिया जैन, रिंकू राजपूत, सुनीता वैष्णव आदि महिलाये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है उनके साथ साथ बच्चे एवं कॉलोनी के पदाधिकारी धर्मार्थ कार्यो मे भरपूर योगदान देते है।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह हुआ भंडारा

सिलयारी। शनिवार को सिलयारी अंचल सहित आस-पास के गांवों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।सभी हनुमान मंदिर में विशेष पुष्प से साज सज्जा कर पूजा अर्चना की गई, साथ ही गांव -गांव में हनुमान मंदिर में पूजा पाठ, रामायण मानस गान कराया गया , समितियों व्दारा सभी मानस मंडलियों का सम्मान किया, सिलयारी कुरूद बाजार चौक स्थित बालाजी मंदिर, रेल्वे स्टेशन स्थित, बजरंग पारा,सभी जगहों पर विशाल भण्डारा का आयोजन रखा गया था। जिसमें नव निर्वाचित जनपद सदस्य विजय साहू,प्रभु राम निषाद,मोहन अग्रवाल,मुकेश साहू, विवेक वर्मा,गौरव निषाद,लेखराम साहू,दीपेश साहू, सुनील साहू, राजकुमार बंजारे,रोशन निषाद,संजय यादव, समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष ...

4 करोड़ खर्च कर...

पौधारोपण के संबंध में जानकारी मांगी थी। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें बताया कि 30 हजार पौधे रोपित किए जा चुके हैं। लभांडी स्थित पीएम आवासीय परिसर से लगे हिस्से में बड़ी संख्या में पौधारोपण हुआ है। जानकारी मिलने पर वस्तुस्थिति जांचने दूसरे ही दिन सुबह 5 बजे एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। वहां वे ये देखकर चकित रह गये कि जहां 30 हजार पौधे लगाने का दावा उद्यानिकी विभाग वालों ने किया, वहां केवल 1500 पौधे नजर आए। **रिकार्डिंग कर लौटे एमआईसी सदस्य** : उद्यानिकी विभाग के एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अधिकारियों की बताई हुई जगह पर जाकर वीडियो रिकार्डिंग भी की है, ताकि अगर लीपापोती के लिए पौधे लगाये जाएं, तो यह बात पकड़ में आ सके। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मामले की जांच सही तरीके से हो। इस गड़बड़ी को लेकर यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 4 करोड़ से अधिक का पौधारोपण घोटाला उद्यानिकी विभाग में किया गया है। ***जवाब मांगा है*** : उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण के नाम पर गड़बड़ी की बात सामने आयी है। हमने अधिकारियों से इसका जवाब मांगा है, वे जानकारी देने से बच रहे हैं और समय मांग रहे हैं।- ***दीपक जायसवाल**, अध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम रायपुर*

देशी-विदेशी शराब अहातों...

संचालित है, वहां अहाता खोलने अलग-अलग व्यक्ति को ठेका मिल गया था, जिसके कारण इन ठेकेदारों व उनके सहयोगियों के बीच कई बार अहाता में शराब पिलाने की बात पर विवाद से लेकर मारपीट तक की नौबत बन आई थी। इस तरह की स्थिति से बचने के लिए विभाग अब एक स्थान पर संचालित देशी-विदेशी के लिए एक ही आवेदक को ठेका देगा।

चिकन को लेकर...

साहिल के घर में शुक्रवार को चिकन की सब्जी बनी थी। अजय की प्लेट में एक या दो बोटी ज्यादा चली गई। इस बात को लेकर पहले दोनों भाइयों में कहासुनी हुई। कहासुनी के दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और एक दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे। अजय ने गुस्से में आकर अपने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। घायल साहिल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने बड़े भाई से चाकू छीन कर उस पर भी चाकू से हमला कर दिया।

ट्रेनों में बढ़ी मोबाइल...

चोरी की शिकायतों के बावजूद करीब 70 प्रतिशत मामलों में यात्रियों को उनका मोबाइल वापस नहीं मिल सका। शुक्रवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में एक यात्री ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि "सुबह स्टेशन से मोबाइल चोरी हो गया, लेकिन दोपहर तक भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है।" इस पर सीनियर डीसीएम भी हैरान रह गए कि चोरी के बाद यात्रियों को इतनी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। उन्होंने तुरंत आरपीएफ व जीआरपी अधिकारियों को इस मामले में सख्ती से निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। रेलवे सूत्रों के अनुसार, बीते कुछ वर्षों में ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर मोबाइल चोरी की घटनाएं दर्ज हुई हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर मामलों में डिवाइस को ट्रैक नहीं किया जा सका है। जनदर्शन में आई शिकायतों के बाद रेलवे प्रशासन ने अब जीआरपी को मोबाइल ट्रैकिंग की दिशा में काम तेज करने को कहा है।

पलक झपकते चोरी...

मोबाइल चोरी की शिकायतें सामाने आ रही हैं। सबसे ज्यादा निशाना वो यात्री बन रहे हैं, जो दरवाजे पर बैठकर या ट्रेन से उतरते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। बीते दिनों एक महिला यात्री का फोन उस समय चोरी हो गया जब वह ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म की ओर जा रही थी। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय होने के बावजूद आरोपी का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। जीआरपी का कहना है कि अधिकतर घटनाएं यात्रियों की लापरवाही के कारण होती हैं। कई यात्री ट्रेन में चार्जिंग पॉइंट पर फोन लगाकर सो जाते हैं। इसका फायदा उठाकर चोर पलक झपकते ही मोबाइल गायब कर देते हैं।

9वीं-11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में कक्षा नवमी एवं

- स्थानीय परीक्षा में भूमिका जलक्षत्री ने बाजी मारी

ग्यारहवी की वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 की घोषित किया गया। प्राचार्य सरोजिनी केरकेट्टा के अध्यक्षता में तथा समस्त विद्यालय के व्याख्याता एवं शिक्षक गणों के उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आज का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय अपने ऐतिहासिक गरिमा को बनाए रखते हुए कक्षा 9वी एवं 11वीं के समस्त प्रथम द्वितीय तथा तृतीय प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, मेडल देकर उनका सम्मान किया। वही विद्यालय के व्याख्याता हरमन कुमार बघेल द्वारा भी प्रतीक चिन्ह एवं कलम भेटकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता डी.के. राहंगडाले ने आशीर्वचन देते हुए आगामी प्रोन्नत कक्षा की तैयारी करने विद्यार्थियों को प्रेरित किया साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता लखन लाल चंद्राकार ने संपूर्ण नवमी एवं 11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए परीक्षा परिणाम की घोषणा किया।प्राचार्य सरोजनी केरकेट्टा ने छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि दुनिया में पढ़ें लिखे लोग अपने ज्ञानार्जन अनुसार अपने बेहतर जीवन को व्यतीत कर रहे हैं। वहीं हरमन बघेल ने भी अपने उद्बोधन में कहा /"कलम, कलम नहीं कमाल की होती है। किताब, किताब नहीं जीवन का हिसाब होती है।/" इस उक्ति के साथ निरन्तर पढ़ाई के प्रति सजग रहने तथा समयानुसार पढ़ाई को सतत बनाये रखने प्रेरणा दिया। सफलता प्राप्ति के उदाहरणों से पढ़ाई के प्रति रुचि तथा लगन पर जोर दिया गया।

बोरिया कला कॉलोनी से कंक्रीट मिक्सर प्लांट को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

बोरिया कला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ग्रीन्सविले रेजिडेंट वेलफेयर

- ग्रीन्सविले रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में धरना दिया और ज्ञापन सौंपा

सोसाइटी के बैनर तले रह वासियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के समाधान हेतु एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष श्री देवता दिन दुबे की अध्यक्षता में आज सवेरे 8:00 बजे से शुरू किया गया ।उन्होंने बताया कि कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं को लेकर कई बार हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है, किंतु किसी भी समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है। श्री दुबे ने बताया कि हमारी कॉलोनी में लगभग तीन हज़ार से अधिक परिवार निवासरत हैं। हमारी मुख्य मांग कॉलोनी के समीप चल रहे कंक्रीट मिक्सर प्लांट को यहां से हटाया जाए। क्रेशर प्लांट की वजह से भारी वाहनों के आवाजाही के कारण सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई है, वहीं प्लांट के प्रदूषण एवं धूल के कारण पेड़ पौधों के उचित संरक्षण न होने से पर्यावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी कॉलोनी में एसटीपी का उचित प्रबंध नहीं हो पा रहा है ।साफ सफाई एवं कचरो का उचित निपटान तथा नियमित जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्य मार्ग सड़क में हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए।

अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि सड़कों का अधूरे डामरीकरण को पूर्ण किया जाय तथा मुख्य मार्ग शदाणी चौक से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मुख्य द्वार तक दोनों ओर पक्का बाउंड्री वॉल कराया जाए । कॉलोनी के गार्डन का उचित रखरखाव किया जाए तथा मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने हेतु गर्डर का निर्माण शीघ्र से शीघ्र किया जाए ।

सम्पूर्ण कॉलोनी की सुरक्षा हेतु एल आई जी बिल्डिंग के पीछे बाउंड्री वॉल रिपेयरिंग एवं गेट निर्माण किया जाए ताकि कॉलोनी सुरक्षित हो सके ।श्री दुबे ने बताया कि आज हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। हमारी मांगे पूरी नहीं होने तक हम चुप नहीं रहेंगे।

इस अवसर पर सर्व श्री आर सी सोनी ,एजाज केसर, राकेश दास वैष्णव, सुनील तिवारी, लावण्य तिवारी ,दिलीप शर्मा,संतोष कुमार वाहने, राहुल सिंह कुशवाह, राजेंद्र सिंह गौर, राजेंद्र भतपहरी, कुंदन शर्मा, संतोष तिवारी, राजेश द्विवेदी, ओम प्रकाश पटेल, राजेश सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी ,अशोक भट्टाचार्य ,प्रखर शर्मा,सुशील चंद्रोल,पुष्पेंद्र चौधरी,के सी मजूमदार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बुजुर्ग भी शामिल थे। ग्रीन्सविले सोसाइटी के पदाधिकारियो ने धरना में कॉलोनी से बड़ी संख्या में लोगो की उपस्थिति होने पर आभार व्यक्त किया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
// आम सूचना //
जारी दिनांक 09/04/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रेमलता चौधरी पति श्री आर.के. चौधरी निवासी 19 इंदिरा नगर काके रोड राँची झारखण्ड आवेदित भूमि ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. 65 रा.नि.म. रायपुर 09 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 427/66 रकबा 0.0970 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 07/04/2025 के परिपालन मे दिनांक 25/04/2025 को समय 4 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 65 के ग्राम लाभाण्डी स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-09

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)
// सूचना का प्रकाशन //

रा.प्र.क्रमांक 202306112400085 अ/27 वर्ष 2022-23 पक्षकार आनंद कुमार टंडन वि. अर्जुन टंडन, ग्राम सोनपैरी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति,
1. अर्जुन टंडन पिता स्व. रघुनंदन टंडन 2. जगदीश टंडन पिता स्व. रघुनंदन टंडन 3. भीम पिता स्व. रघुनंदन टंडन 4. ईश्वर पिता स्व. रघुनंदन टंडन 5. प्रेम पता स्व. रघुनंदन टंडन 6. श्रीमती मोतिम पिता स्व. रघुनंदन टंडन 7. श्रीमती केरा बाई पिता स्व. रघुनंदन टंडन 8. श्रीमती आनंद बाई पिता स्व. रघुनंदन टंडन 9. श्रीमती ढेलीया टंडन पति स्व. रघुनंदन टंडन निवासी-सोनपैरी थाना मंदिर हसौद तहसील व जिला रायपुर ।

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तसीगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक प्र. क्रमांक 202306112400085 अ/27 वर्ष 2022-23 में दिनांक 16/04/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उतरवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत है ।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

समोदा मंडल मे चला गांव चलो घर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

समोदा मंडल के ग्राम अमोदी, तुलसी, बनरसी में गांव चलो घर चलो अभियान अंतर्गत विधायक गुरु खुशवंत साहेब द्वारा भेट मुलाकात किया गया। जिसमें देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष, पीलाराम निषाद महामंत्री, रीषभ साहू मीडिया प्रभारी, लुकेश साहू, अशोक, देवचरण, महेश, प्रेमलाल, सोहन, राकेश भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जयवदन इंगले ने किया पदभार ग्रहण

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अविष्य निधि आयुक्त-1 जयवदन इंगले ने नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त 1 श्री इंगले का स्वागत किया और उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों से परिचय भी करवाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 गौरव डोगरा, सुनील कुमार, भविष्य निधि आयुक्त के सहायक सुधांशु निकेतन मिश्रा, सहायक निदेशक विकास शुक्ल आदि उपस्थित थे।

चोरी के चार मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस ने मंदिर हसौद तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में चोरी के चार अलग-अलग मामलों में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े छह लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, बाइक, कैश के साथ अन्य सामान जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में गुलशन कुमार पटेल उर्फ झक्की, नंद कुमार यादव, हरि विश्वकर्मा, धनेंद्र देवदास उर्फ धन्ना को गिरफ्तार किया है। गुलशन पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

निधन

प्रशांत सिंह ठाकुर

रायपुर। आमापारा निवासी प्रशांत सिंह ठाकुर (36) का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे ओमप्रकाश ठाकुर और सत्यभामा देवी के पुत्र थे।

ओम देवांगन

रायपुर। गुढ़ियारी आंबेडकर चौक निवासी ओम देवांगन (62) का 11 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अप्रैल को गुढ़ियारी कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप देवांगन के बड़े भाई और मोंटू देवांगन के पिता थे।

मीना दुबे

रायपुर। राधास्वामी नगर भाठागांव निवासी मीना दुबे का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सेवानिवृत्त डीएसपी सतीश दुबे की पत्नी और मनीष, आशीष, प्रसन्न, मनमोहन दुबे की माता थीं।

बजरंग लाल छंगाणी

रायपुर। आसरा परिसर चौबे कॉलोनी निवासी बजरंग लाल छंगाणी का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पवन, पंकज छंगाणी के पिता और विष्णु छंगाणी के बड़े भाई थे।

मंजू उपाध्याय

रायपुर। बजरंग चौक मठपारा निवासी मंजू उपाध्याय (सरदा वाले) का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा।

बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में केमेटी के अध्यक्ष ने वर्ष 2024 और 2025 में हुई सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हुई मौतों की तुलनात्मक जानकारी ली। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर श्री सप्रे ने गंभीर चिंता व्यक्त की। श्री सप्रे ने दुर्घटना रोकने प्रभावी तथा ठोस कदम उठाने कहा। उन्होंने संबंधित विभागों से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कमेटी के अध्यक्ष मनोहर सप्रे ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने कहा

भारत की तुलना में विदेशों में मृत्युदर कम

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने बताया कि भारत की तुलना में जापान, जर्मनी और अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने वाले लोगों की संख्या कम होती है। इसका कारण है कि वहां वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस और वाहन चालकों के लाइसेंसों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा उपयों की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई, यातायात पुलिस एवं परिवहन, नगर निगम आयुक्तों से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में उठाए गए कदम के बारे में चर्चा की।

सड़क दुर्घटना रोकने कमेटी के अध्यक्ष श्री सप्रे ने जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना है, जिससे प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु कम हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट पहने वाहन चलाने वाले की संख्या ज्यादा होती है, इसलिए बिना हेलमेट पहने और बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन के बाद यथाशीघ्र सुधारात्मक उपाय करने निर्देश दिए।

घोटाला खुलने के दौरान हेल्थ सेंटरों में जाकर कर दिया था लॉक

खून संबंधी जांच का बुरा हाल, 'मोक्षित' ने सीबीसी मशीन को ऐसा किया लॉक, अब तक नहीं खोल पाए इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में खून संबंधी जांच का बुरा हाल है। इन हेल्थ सेंटरों में मोक्षित कार्पोरेशन ने सीबीसी मशीन की सप्लाई की थी। घोटाला खुलने के दौरान मोक्षित के कर्मचारियों ने इन मशीन को कोड डालकर ऐसा लॉक किया जिसे अब तक दूसरे इंजीनियर नहीं खोल पाए हैं। कोड की वजह से इसमें दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर सकता, राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में पांच सौ से ज्यादा मशीन की सप्लाई हुई थी। बाजार में 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस मशीन को 17 लाख रुपए में खरीदा गया था।

मोक्षित द्वारा सप्लाई सीबीसी मशीन के कंडम होने की स्थिति लगभग आठ महीने से बनी हुई है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में दूसरी कंपनी की मशीन है अथवा जहां संबंधित कंपनी के इंजीनियर नहीं पहुंच पाए, वहां मरीजों को खून से संबंधित जांच की सुविधा दी जा रही है। शेष स्थानों पर सैंपल लेकर हमर लैब भेजे जा रहे हैं अथवा मरीजों को प्राइवेट लैब में जाकर टेस्ट कराने की सलाह दी जा रही है। 660 करोड़ के घोटाले में सीबीसी मशीन की बड़ी हिस्सेदारी है।

बाजार में लगभग 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस जांच मशीन को 17 लाख रुपए प्रति के हिसाब से खरीदा गया था, जिससे घोटाले की रकम एक अरब तक पहुंच गई।

इतना ही नहीं, सीबीसी मशीन में दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर पाए, इसके लिए लॉक कोड का चक्रव्यूह तैयार किया गया, जिसे अब तक स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर नहीं तोड़ पाए। सूत्रों का कहना है कि अगर इंजीनियर मशीन को खोलने में कामयाब होते हैं, तभी करीब एक अरब की मशीन कबाड़ होने से बच पाएगी।

रीएजेंट-उपकरण घोटाला की जांच जारी

मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी 7 अप्रैल तक रहेंगे जेल में

ईओडब्लू ने कोशिक को लपेटा, घोटनवार पर रीएजेंट की कालनु खरीदी पड़ गई भारी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय में हुए अरबों रुपए के रीएजेंट-उपकरण घोटाले की जांच जारी है। इसकी वजह से मामले में पूर्व में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की न्यायिक रिमांड की अवधि 7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। मामले में शुक्रवार को पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें रिमांड पर लेकर ईओडब्लू पूछताछ कर रही है।

- ईओडब्लू की अदालत ने बढ़ाई न्यायिक रिमांड की अवधि
- पांच आरोपियों को रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ

मामले की जांच के दौरान ईओडब्लू खरीदी और सप्लाई से संबंधित तमाम दस्तावेजों की बारीकी से अध्ययन कर आरोपियों से पूछताछ कर क्रास चेक कर रही है। मामले में जनवरी के अंतिम दिनों में हुई पहली गिरफ्तारी और इस महाघोटाले के अहम किरदार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की पिछली रिमांड के अंतिम दिन सोमवार को ईओडब्लू के स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना अधूरी है, इस आधार पर शशांक की न्यायिक रिमांड की अवधि ▶▶शेष पेज 13 पर

पूछताछ के लिए विधानसभा से बुलाया

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, उन्हें लगभग पांच घंटे पहले पूछताछ के लिए ईओडब्लू के कार्यालय बुलाया गया था। इनमें से एक अधिकारी विधानसभा सत्र का अंतिम दिन होने की वजह से वहां मौजूद था, अफसरों ने जरूरी पूछताछ का हवाला दिया। सभी के आने के बाद रात में उन्हें बताया गया कि आप गिरफ्तार हो चुके हैं।

राजधानी के कई स्वास्थ्य केंद्रों में

कोडवर्ड से लॉक हुई मशीन राजधानी में गुढ़ियारी, भनपुरी सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद है। इसके साथ राज्य के अन्य हेल्थ सेंटरों में भी करीब छह साल पहले मशीनों की सप्लाई की गई थी। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व खराब होने की शिकायत पर काफी स्वास्थ्य केंद्रों की मशीनों को बदला गया था। घोटाले का मामला चर्चा में आया, तो कंपनी के कर्मचारी मेंटेनेंस के बहाने मशीन को लॉक कर चले गए थे, जिसका कोड अस्पताल कर्मचारियों को नहीं बताया गया, जिससे मशीन अनुपयोगी होकर रह गई।

दवा कार्पोरेशन का टेंडर चर्चा में

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा हाल में रीएजेंट, उपकरण की खरीदी के लिए जारी टेंडर चर्चा में आ गया है। जेम पोर्टल के बजाए इसे ईप्रॉक माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि रीएजेंट की खरीदी स्वास्थ्य केंद्रों से आने वाली डिमांड को ध्यान में रखकर की गई है। दूसरी ओर आरोप यह लगाया जा रहा है कि रीएजेंट की खरीदी पुरानी कंपनी के हित को ध्यान में रखकर की जा रही है।

सदर, बूढ़ापारा में भी स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 24 घंटे जल आपूर्ति का अधूरा काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के मौसम में शहर के आउटर इलाके में पेयजल संकट की बात छोड़ें, यहां तो राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित सदरबाजार और बूढ़ापारा में पेयजल संकट से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद एवं जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने मोतीबाग स्थित जोन 4 दफ्तर में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सदर और बूढ़ापारा इलाके में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति योजना की धीमी रफ्तार को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। ठेकेदार को काम में तेजी लाने उन्होंने मैनपावर बढ़ाने की हिदायत दी।

- जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बैठक कर पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी

शहर के 15 वार्डो में 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट रायपुर स्मार्ट सिटी अब तक पूरा नहीं कर पायी है। इसके चलते गर्मी के सीजन में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सदरबाजार और बूढ़ापारा क्षेत्र में अनुबंधित एजेंसी ने सर्वे कर 5750 लोगों के यहां नये कनेक्शन देना तय किया, पर अभी तक केवल इन इलाकों में केवल 2700 कनेक्शन दिया गया है। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बकाया घरों में नए कनेक्शन देने का काम जल्द करने निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिटी कोतवाली से तात्यापारा तक अंडरग्राउंड बिजली केबल डालने के बाद पानी की पाइप लाइन ऊपर से बिछाई गई है। चूंकि पूर्व में नई पाइप लाइन से पानी टेस्टिंग नहीं हुई, इसलिए अब एक ही स्थान से बिजली और पानी की पाइप लाइन जाने से लोगों की चिंता बढ़ गयी है।

सदर बाजार और बूढ़ापारा क्षेत्र में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत 2700 घरों में पानी की खपत जांचने स्वचालित वाटर मीटर लगाये जाने थे। बैठक में जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एसीआई में नर्सिंग भर्ती की प्रतीक्षा सूची वायरल, अस्पताल प्रबंधन ने बताया फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में नर्सिंग भर्ती के लिए प्रतीक्षा सूची सोशल मीडिया में वायरल हो गई है। पहली सूची में शामिल लोगों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने का हवाला देकर दस लोगों की दूसरी लिस्ट जारी की गई। सूची में शामिल लोगों ने इस बारे में अस्पताल में संपर्क किया, तो अस्पताल प्रबंधन ने इस आदेश को फर्जी करार दिया है।

- नियुक्ति आदेश में दस लोगों के नाम, 30 अप्रैल तक ज्वाइनिंग का जिक्र भी

जानकारी के अनुसार एसीआई राज्य का एकमात्र हृदय संबंधी रोगों का इलाज करने वाला संस्थान है। यहां फैकल्टी की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसी बीच आठ अप्रैल को कार्यालय संयुक्त संचालक एवं चिकित्सा अधीक्षक के नाम से एक नियुक्ति आदेश वायरल हो गया। आदेश नर्सिंग स्टाफ से भर्ती से संबंधित है। इसमें एसीआई में स्टाफ नर्स एवं एएनएम की सीधी भर्ती का जिक्र है। बताया गया है कि दस पदों पर चयनित उम्मीदवारों ने नियत तिथि तक अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी थी। इसीलिए प्रतीक्षा सूची में शामिल दस लोगों का नाम जारी कर उन्हें 30 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने का जिक्र था। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था कि जिन्हें ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला है, वे संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक के कार्यालय से संपर्क कर आदेश प्राप्त कर अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। इस पत्र के आधार पर लोगों ने जब अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करना शुरू किया, तो उन्हें इस फेक आर्डर का पता चला। अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में स्टाफ नर्स एवं एएनएम से संबंधित ऐसी कोई भी भर्ती सूचना जारी नहीं की गई है।

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की विकराल समस्या

आप के प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक ने प्रेसवार्ता में कहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की जनता बेरोजगारी की विकराल समस्या जूझ रही है। इससे पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार भी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गई थी, जिसके कारण जनता ने फिर भाजपा सरकार को चुना था, लेकिन वह भी जनता के उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई।बेरोजगारी की समस्या जस के तस है। बेरोजगारों को आखिर कब रोजगार मिलेगा। यह बातें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य या देश में समृद्धि और सुख का मूल परिचायक रोजगार से होता है। पिछली सरकार में बेरोजगारी के आंकड़ों में खेल किया। प्रदेशभर में आज लगभग 17 लाख बेरोजगार हैं। इन बेरोजगारों को आखिर कब रोजगार मिलेगा। श्री पाठक ने स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर हमला करते हुए कहा कि 63 हजार शिक्षा विभाग में पद खाली हैं। इनमें 5500 स्कूल में 1 भी शिक्षक नहीं है, वहीं रायपुर में ही 27 स्कूल हैं, जहां 1 ही शिक्षक है और 610 स्कूल है, जहां शिक्षक ही नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में 11 साल से शिक्षकों की वरिष्ठता की सूची नहीं निकाल पाए हैं। उन्होंने कहा कि 8वीं तक तो बच्चों को ग्रेस से पास करा दिया जाता है और 9वीं के बाद 90 प्रतिशत रिजल्ट लाने का प्राचार्यों पर दबाव रहता है।

तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, मिले इनपुट में दर्जनभर वनकर्मी संदेह के दायरे में, जल्द होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुकमा, कोंटा में वर्ष 2021 तथा 2022 के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में ईओडब्लू के अफसरों को महत्वपूर्ण इनपुट मिले हैं। निलंबित आईएफएस अशोक कुमार पटेल तथा अन्य वनकर्मियों के यहां चली दो दिन की कार्रवाई में अफसरों को करीब दर्जनभर वनकर्मियों के घोटाले में शामिल होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में ईओडब्लू के अफसर वनकर्मियों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब कर सकते हैं।

- वनकर्मियों से पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू हो सकता है

ईओडब्लू वर्ष 2021 तथा 2022 में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को सात करोड़ बोनस वितरण में से तीन करोड़ 62 लाख रुपए की गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने दो दिन पूर्व सुकमा, कोंटा में निलंबित आईएफएस अशोक कुमार, पूर्व विधायक, सीपीआई नेता मनीष कुंजाम सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में आईएफएस अफसर सहित वनकर्मियों के ठिकानों से जांच एजेंसी ने इलेक्ट्रॉनिक के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर जांच करने के साथ संबंधितों से पूछताछ की। पूछताछ में तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला मामले में कई और निचले स्तर के वन अफसरों के साथ वनकर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। जिन लोगों की बोनस घोटाला में संलिप्तता पाई गई है, उन लोगों को ईओडब्लू के अफसर पूछताछ के लिए तलब करेंगे।

घोटाले का लिंक जोड़ने की कोशिश

तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को दी जाने वाली बोनस राशि वितरण में घोटाले की ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम कड़ी जोड़ने में जुट गई है। इसके लिए जांच अफसर घोटाले का मेन सूत्रधार कौन है, इसके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। जांच में ईओडब्लू के अफसरों के केंद्र में निलंबित आईएफएस अफसर अशोक कुमार है। घोटाले में वनकर्मियों की भूमिका को लेकर ईओडब्लू के अफसर जांच कर रहे हैं।

पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई

तेंदूपत्ता बोनस राशि घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने गुरुवार को जिन लोगों के ठिकानों में दबिश दी थी, उन लोगों को पूछताछ करने ईओडब्लू ऑफिस तलब किया जाएगा। साथ ही जो नए एक दर्जन संदेही सामने आए हैं, ईओडब्लू के अफसर उन्हें भी पूछताछ के लिए तलब करेंगे। सभी से पूछताछ के बाद ईओडब्लू के अफसर आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

घर में मिले लाखों रुपए का स्त्रोत नहीं बता पाया

छापे की कार्रवाई के दौरान ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने तत्कालीन वनमंडल कार्यालय के कर्मी राजशेखर पुराणिक के निवास से 26 लाख 63 हजार सात सौ रुपए नकद जब्त किया था। जब्त राशि के संबंध में ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने राजशेखर से पूछताछ की। दो दिन की पूछताछ के बाद भी राजशेखर जब्त राशि के बारे में ईओडब्लू के अफसरों को कोई ठोस जानकारी नहीं दे पाया।

नेटवर्क बनाकर घोटाला

बोनस राशि वितरण मामले में ईओडब्लू के अफसरों को वन विभाग के निलंबित डीएफओ द्वारा निचले स्तर के अफसर, वनकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाकर घोटाला को अंजाम दिए जाने की आशंका है। जांच एजेंसी घोटाला के नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल थे, इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

जारी दिनांक 09/04/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रेमलता चौधरी पति श्री आर.के. चौधरी निवासी 19 इंदिरा नगर काके रोड राँची झारखण्ड आवेदित भूमि ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. 65 रा.नि.म. रायपुर 09 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 427/66 रकबा 0.0970 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 07/04/2025 के परिपालन मे दिनांक 25/04/2025 को समय 4 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 65 के ग्राम लाभाण्डी स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-09

पेज 11 के शेष ...

4 करोड़ खर्च कर...

पौधारोपण के संबंध में जानकारी मांगी थी। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें बताया कि 30 हजार पौधे रोपित किए जा चुके हैं। लमांडी स्थित पीएम आवासीय परिसर से लगे हिस्से में बड़ी संख्या में पौधारोपण हुआ है। जानकारी मिलने पर वस्तुस्थिति जांचने दूसरे ही दिन सुबह 5 बजे एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। वहां वे ये देखकर चकित रह गये कि जहां 30 हजार पौधे लगाने का दावा उद्यानिकी विभाग वालों ने किया, वहां केवल 1500 पौधे नजर आए। **रिकार्डिंग कर लौटे एमआईसी सदस्य** : उद्यानिकी विभाग के एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अधिकारियों की बताई हुई जगह पर जाकर वीडियो रिकार्डिंग भी की है, ताकि अगर लीपापोती के लिए पौधे लगाये जाएं, तो यह बात पकड़ में आ सके। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मामले की जांच सही तरीके से हो। इस गड़बड़ी को लेकर यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 4 करोड़ से अधिक का पौधारोपण घोटाला उद्यानिकी विभाग में किया गया है। ***जवाब मांगा है*** : उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण के नाम पर गड़बड़ी की बात सामने आयी है। हमने अधिकारियों से इसका जवाब मांगा है, वे जानकारी देने से बच रहे हैं और समय मांग रहे हैं।- *दीपक जायसवाल, अध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम रायपुर*

देशी-विदेशी शराब अहातों...

संचालित है, वहां अहाता खोलने अलग-अलग व्यक्ति को ठेका मिल गया था, जिसके कारण इन ठेकेदारों व उनके सहयोगियों के बीच कई बार अहाता में शराब पिलाने की बात पर विवाद से लेकर मारपीट तक की नौबत बन आई थी। इस तरह की स्थिति से बचने के लिए विभाग अब एक स्थान पर संचालित देशी-विदेशी के लिए एक ही आवेदक को ठेका देगा।

चिकन को लेकर...

साहिल के घर में शुक्रवार को चिकन की सब्जी बनी थी। अजय की प्लेट में एक या दो बोटी ज्यादा चली गई। इस बात को लेकर पहले दोनों भाइयों में कहासुनी हुई। कहासुनी के दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और एक दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे। अजय ने गुस्से में आकर अपने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। घायल साहिल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने बड़े भाई से चाकू छीन कर उस पर भी चाकू से हमला कर दिया।

ट्रेनों में बढ़ी मोबाइल...

चोरी की शिकायतों के बावजूद करीब 70 प्रतिशत मामलों में यात्रियों को उनका मोबाइल वापस नहीं मिल सका। शुक्रवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में एक यात्री ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि "सुबह स्टेशन से मोबाइल चोरी हो गया, लेकिन दोपहर तक भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है।" इस पर सीनियर डीसीएम भी हैरान रह गए कि चोरी के बाद यात्रियों को इतनी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। उन्होंने तुरंत आरपीएफ व जीआरपी अधिकारियों को इस मामले में सख्ती से निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। रेलवे सूत्रों के अनुसार, बीते कुछ वर्षों में ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर मोबाइल चोरी की घटनाएं दर्ज हुई हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर मामलों में डिवाइस को ट्रैक नहीं किया जा सका है। जनदर्शन में आई शिकायतों के बाद रेलवे प्रशासन ने अब जीआरपी को मोबाइल ट्रैकिंग की दिशा में काम तेज करने को कहा है।

पलक झपकते चोरी...

मोबाइल चोरी की शिकायतें सामाने आ रही हैं। सबसे ज्यादा निशाना वो यात्री बन रहे हैं, जो दरवाजे पर बैठकर या ट्रेन से उतरते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। बीते दिनों एक महिला यात्री का फोन उस समय चोरी हो गया जब वह ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म की ओर जा रही थी। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय होने के बावजूद आरोपी का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। जीआरपी का कहना है कि अधिकतर घटनाएं यात्रियों की लापरवाही के कारण होती हैं। कई यात्री ट्रेन में चार्जिंग पॉइंट पर फोन लगाकर सो जाते हैं। इसका फायदा उठाकर चोर पलक झपकते ही मोबाइल गायब कर देते हैं।

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

श्रीराम के प्रिय भक्त वीर हनुमान की जयंती के अवसर पर शहर की गलियां भक्तिमय रस में लीन नजर आईं, जहां सुबह से देर रात तक समितियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती अवसर पर ऐतिहासिक सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में सुबह से दुग्धाभिषेक व श्रृंगार आरती के साथ पूजा-अर्चना शुरू की गई, इस मौके पर ब्रह्ममुहूर्त में ही मंदिरों के कपाट खोले गए। उत्सव की शुरुआत चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज बांधकर की गई, इस दौरान आसमान भी भगवा रंग में रंगा नजर आया।

बजरंगबली की भक्ति में डूबा पूरा शहर, चारों तरफ भंडारे की महक

सालासर बालाजी मंदिर में भजन संध्या, सीता रसोई में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद

रायपुर। हनुमान जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं ने भव्य पर्व की तरह कार्यक्रम का आयोजन किया, इस दौरान शहर में पांच सौ से अधिक स्थानों पर भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें 40-50 हजार की संख्या में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया। छोटे मंदिरों में भी भंडारा, हवन पूजन और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु परिवार के सदस्यों के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं प्रमुख चौक से शोभायात्रा निकाली गई, इस वर्ष शोभायात्रा में हनुमान भगवान के बालस्वरूप के दर्शन करने का मौका मिला।

51 पूजन थालियों से महाआरती पूजा

सालासर बालाजी मंदिर जयंती के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जो घंटों इंतजार के बाद भगवान श्री हनुमान का दर्शन करने शहर के विभिन्न स्थानों से पहुंचे थे। उत्सव के दौरान ब्रह्ममुहूर्त पर 51 किलो दूध से अभिषेक किया गया, जिसके बाद 101 सवामणि भोग, 51 किलो लड्डू भेंट किए गए। महाआरती के दौरान 51 पूजन थाली तैयार की गई। आयोजन में आकर्षण का केंद्र मौसमी फलों से सजा मंदिर परिसर रहा, जिसके गर्भगृह और आंगन में अंगूर, अनार, केला, मौसंबी, संतरा, तरबूज ,चीकू, नारियल के फलों को सजाया गया। देर रात 9 बजे कोलकाता के भजन गायक जयशंकर चौधरी की प्रस्तुति हुई, जिन्होंने अपने भक्तिमय अंदाज से दर्शकों का मन जीत लिया।

वीर बलवाना अति बलवाना... भजनों पर भक्तों का उत्साह

कीजो केसरी के लाल...श्री राम जानकी..वीर बलवाना अति बलवाना..भजन शुरू होते ही भक्तों का उत्साह बढ़ता रहा, इस दौरान भजनों की धुन पर लोग तालियों से उत्साहवर्धन करते दिखे। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जेसीआई वामा कैपिटल की ओर से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, इस मौके पर राजस्थान के भजन गायक पिंटू स्वामी उपस्थित रहे। लाइव भजन संध्या देर रात तक आयोजित रही, इस मौके पर एक हजार दीपक प्रज्वलित किए गए, साथ ही 108 थाल से महाआरती की गई।

गर्भगृह में नगरभ्रमण करने पहुंचे श्री हनुमान

हनुमान जयंती के अवसर पर गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई,नगर भ्रमण के दौरान श्रीहनुमान के चल विग्रह को मंदिर के बाहर निकाला गया। पं. दीनानाथ ने बताया कि साल में एक बार चल विग्रह को गर्भगृह से बाहर भक्तों के नजदीक ले जाया जाता है, इस मौके पर सुबह 21 लीटर दूध व पंचामृत से अभिषेक किया गया। देर शाम शानदार आतिशबाजी देखने को मिली, जिसे राजधानी के आतिशबाजी के कलाकारों द्वारा किया गया। बावली वाले हनुमान मंदिर की तर्ज पर गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर और दूधाधारी स्थित हनुमान मंदिरों में भी एक जैसा पूजन कार्य किया गया। आस्था के पर्व में मंदिर समिति के प्रमुख और शहरवासियों ने भगवान के दर्शन किया।

जन्मोत्सव में आतिशबाजी का आयोजन

तात्यापारा स्थित 12वीं सदी के प्राचीन हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर श्रीहरि कीर्तन, महाआरती और आतिशबाजी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह 5 बजे जन्मोत्सव मनाया गया, इस दौरान सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंची। मंदिर में स्वर्ण-चांदी से भव्य श्रृंगार किया गया, देर रात्रि आतिशबाजी के लिए शहर के मंडली को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने एक से बढ़कर एक आतिशबाजी से श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित कर दिया।

शोभायात्रा में भगवान का बालस्वरूप

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के प्रमुख स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई। इस वर्ष राठौर चौक से हनुमान भगवान के बालस्वरूप में तैयार प्रतिमा देखने को मिला। साथ ही आजाद चौक, गुढ़ियारी, टिकरापारा, वीआईपी रोड जैसे अनेक स्थानों से नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई है, इस मौके पर श्री हनुमान के सामूहिक आरती से नगर भ्रमण प्रारंभ किया गया।



भव्य भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं हुए शामिल

हनुमान जयंती के अवसर पर रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां संध्या महाआरती के दौरान हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए। सर्वधर्म संकटमोचन मंदिर समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को ससम्मान भोजन परोसा गया। दोपहर 1 बजे से आयोजित भंडारा देर रात तक चला, जिसमें 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की। देर रात मंदिर परिसर में आतिशबाजी और लेजर लाइट का आकर्षक प्रदर्शनी की गई। इस शुभ अवसर पर मंदिर में दर्शन करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए, साथ ही मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी,संरक्षक कमलेश तिवारी,महामंत्री महेंद्र सिंघानिया उपस्थित हुए।

राजीव गांधी चौक पर बांटी सुंदरकांड पुस्तक

श्री हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर हनुमान सेवा दल ने राजीव गांधी चौक में 2051 सुंदरकांड पुस्तिका का वितरण किया गया। हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा और महामंत्री प्रशांत दुबे ने बताया कि सुंदरकांड का पाठ करने से बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है, इसका पाठ रामचरित मानस में उनके योगदान के लिए किया जाता है। सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन में आने वाली परेशानी से राहत, प्रेरणा मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। वितरण कार्यक्रम में कुणाल दुबे, अमित शर्मा, आकर्ष शुक्ला, पंकज ठाकुर, वैभव मूनजर, संतोष राव, ओमप्रकाश यादव, विनायक तिवारी, संजू ठाकुर, नरेश नवानी, प्रदीप पांडेय, पारस धीवर आदि शामिल थे।

राहगीरों को बांटा प्रसाद

राजधानी में हनुमान जन्मोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद आकाश तिवारी ने गौरव गौरी चौक ऑक्सीजन छोटा हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना किया। साथ ही राहगीरों को प्रसादी भंडारा का वितरण किया।

मंदिर में हनुमानजी और प्रभु राम की रंगोली

पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन बावली वाले हनुमान मंदिर में जय हनुमान युवा समिति द्वारा श्रीराम के प्रति हनुमान की भक्ति पर आधारित रंगोली तैयार की गई, रंगोली में रामलला के चरणों पर श्री हनुमान बैठकर भक्ति करते नजर आ रहे है। यह रंगोली कलाकार सिद्धार्थ सोनी द्वारा तैयार की गई, साथ ही मंदिर परिसर का फूलों से साज श्रृंगार किया गया।

जैतूसाव मठ में चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

जैतूसाव मठ में दोपहर 12 बजे श्रीराम का छट्ठी उत्सव मनाया गया, छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार जन्म के कुछ दिनों बाद यह पर्व मनाया जाता है। रामलला को आशीर्वाद देने और खुशियों में शामिल होने पांच सौ से अधिक भक्तों की भीड़ मठ परिसर में मौजूद रही। जिन्होंने फूलों की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया, भोग में सोठ (छेरावी) का लड्डू दिया गया। मठ स्थित हनुमान मंदिर में जयंती अवसर भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां रोठ, चना, गुड़ का भोग श्री हनुमान को लगाया गया। इस मौके पर चांदी के विशाल कवच, कदा और मुकुट से भव्य राजा श्रृंगार किया गया है।

श्रद्धालुओं ने निकाली झांकी

समता कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कराया गया, इस दौरान श्रीराम, शिवशंकर और श्री हनुमान के भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। जहां सुबह 6 बजे दुग्धाभिषेक और झांकी का आयोजन किया गया।

एजूकेशन अपडेट

इसरो में असिस्टेंट, फायरमैन कुक समेत कई पदों पर भर्ती

रायपुर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (वीएसएससी) में विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसमें शामिल होने के लिए आवेदन की लास्ट डेट 15 अप्रैल 2025 निर्धारित है। ऐसे में जो अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, वे तय तिथि के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट www.vssc.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इसके अलावा आप इस पेज पर दिए गए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक कर भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

पात्रता एवं मापदंड

इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 10वीं/ मैट्रिक/ बैचलर डिग्री के साथ पदानुसार निर्धारित कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु पदानुसार 25/35 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 15 अप्रैल 2025 के अनुसार होगी।

एप्लिकेशन प्रोसेस एवं फीस

इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल https://www.vssc.gov.in/DetailedAdvt332.html पर विजिट करें और यहां अप्लाई लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इसके बाद उम्मीदार निर्धारित आवेदन शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें। अंत में प्रिंट पर क्लिक करके फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल लें। आवेदन पत्र भरने के साथ ही सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को 500 रुपए का भुगतान करना होगा। हालांकि एग्जाम होने के बाद अनरिजर्व/ ओबीसी/ ईडब्लूएस वर्ग को 400 रुपए और एससी/ एसटी/ सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों का शुल्क पूरा रिफंड कर दिया जाएगा।

सिटी इवेंट

सिंधी-पंजाबी, गुजराती वेशभूषा में लिटिल स्टार्स ने बिखेरा जलवा

रायपुर। किसी ने पंजाबी तो किसी ने गुजराती पहनावे में मंजे हुए कलाकार की तरह कल्चरल फैशन वॉक में शिरकत की। इसमें 30 से ज्यादा 5 से 13 साल के बच्चे शिरकत करने के लिए सिंधी, मराठी के साथ ही दक्षिण भारतीय वेशभूषा में लिटिल स्टार्स के अंदाज में पहुंचे। शाम 5 बजे पंडरी स्थित सिटी सेंटर मॉल के ग्राउंड फ्लोर में इनके लिए रंगारंग प्रोग्राम किया गया। इवेंट में नन्हें स्टार्स को अपने कल्चर को रिप्रजेंट करने के साथ ही उन्हें कल्चर से जोड़ने के लिए प्रयास किया गया। इसमें लिटिल स्टार्स की धमक ऐसी रही कि शाम साढ़े 7 बजे के बीच मॉल में शॉपिंग के लिए पहुंचे ग्राहक भी दर्शक दीर्घा का हिस्सा बने। जहां लिटिल स्टार्स ने ढाई घंटे तक जलवा बिखेरा।

स्टेज पर कई राज्यों के कल्चर की झलक

किसी ने गुजराती सांग चोगाड़ा तारा..., तो किसी ने लुंगी डांस...,पर मनमोहक डांस पेश करते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। ज्यादातर कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे इवेंट का हिस्सा बने। अमलीडीह, शंकर नगर, जोरा और कचना क्षेत्र की पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन कराया था। इवेंट थीम बेस्ड होने से पैरेंट्स उन्हें घर से तैयार कर लेकर पहुंचे थे। कुछ लोगों ने बच्चों को मॉल में तैयार करने के बाद स्टेज पर परफॉर्म करने के लिए उतारा। जहां कई राज्यों के कल्चर की झलक स्टेज पर भी देखने को मिली। इसे दर्शकों ने भी पसंद किया और हर परफॉर्मेंस के बाद तालियों से लिटिल स्टार्स का हौसला भी बढ़ाया।

कल्चर से जुड़े सांग्स पर डांस परफॉर्मेंस

प्रोग्राम के दौरान हर परफॉर्मेंस के बीच बच्चों के साथ पहुंचे लोग उन्हें संवारते नजर आए। किसी ने स्टेज पर अनोखे अंदाज में अपने कल्चर से जुड़े पर्व के बारे में बताया तो किसी ने बैसाखी का महत्व बताने का प्रयास किया। हर किसी ने फैशन का जलवा बिखेरने के साथ अपने कल्चर से जुड़े सांग्स पर डांस से रंग जमाया। इस सिलसिले के बीच आयोजकों ने स्टेज पर आने वाले नए लिटिल स्टार्स को तैयार रहने के लिए अलर्ट भी किया।

सिटी लाइव

कलश यात्रा से मनवा कुर्मी समाज के महाधिवेशन का होगा आगाज

रायपुर। इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय महाधिवेशन का आगाज रविवार को सुबह मंगल कलश यात्रा से किया जाएगा। सुबह 8 बजे कलश यात्रा तात्यापारा स्थित कुर्मी छात्रावास से निकलेगी। इससे पहले महापौर मीनल चौबे और दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा फूल चौक स्थित डॉ. खूबचंद पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद तात्यापारा, कंकाली तालाब ,पुरानी बस्ती से होते हुए कलश यात्रा इनडोर स्टेडियम पहुंचेगी। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा एवं रायपुर राज के सचिव सुनील नायक ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन का शुभारंभ केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप और समाज के पदाधिकारियों और अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

हल्दी-तेल की निभाई जाएंगी रस्में

इसके बाद समाज के पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, छत्रपति शिवाजी, दानवीर भोला प्रसाद, तुलाराम परगनिहा के छायाचित्र पर माल्यार्पण होगा। साथ ही महाधिवेशन में कुर्मी गौरव गीत, स्वागत गीत के बाद अतिथियों का स्वागत होगा। मनवा कुर्मी समाज द्वारा किए गए रचनात्मक गतिविधियों का प्रतिवेदन वाचन होगा। इसमें आगामी कार्य योजना एवं समाज की रूपरेखा का समावेश होगा। कुर्मी समाज में 10 राज्य की स्थापना की गई है। सभी राज प्रधान द्वारा अपनी उपलब्धियों और कार्य योजना के दृष्टिकोण को पहले दिन प्रस्तुत किया जाएगा। 14 अप्रैल को जिन 11 जोड़ों का आदर्श विवाह होगा, ऐसे वर-वधू की तेल-हल्दी रस्म की जाएगी।

धर्म लाइव

13 बटुकों का उपनयन संस्कार, दूल्हे की तरह निकली बारात, परिजनों ने किया डांस

रायपुर। सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 13 बटुक का उपनयन संस्कार का सामाजिक भवन में कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे सभी बहुक परिवार के आगमन व स्वागत से हुई। सभी बटुकों एवं परिवारजनों के आगमन के बाद भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करके उपनयन संस्कार के नेंग-जोग की तैयारियां शुरू की गई। उपनयन संस्कार के मुख्य आचार्य रुपेश शास्त्री एवं सहयोगी के रूप में पं. मयंक शर्मा थे। सभी बटुक छग के अलग-अलग जिलों से आए थे। इनमें रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी, खरियार रोड, बालोद, दल्लीराजहरा के बटुक शामिल थे। कार्यक्रम मुख्य रूप से नारी प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, भगवद्री पाण्डेय थीं।

समाज ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

अध्यक्ष केएन शर्मा और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपर्णा चौबे के निर्देशन में समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाई। तेलमाटी, चूलमाटी आदि सभी रस्मों में बाजे-गाजे के साथ सभी बटुकपरिवारों एवं प्राधिकारियों की प्रशंसनीय भागीदारी रही। इसके बाद तेल-हल्दी चढ़ाना, मुंडन संस्कार, शिक्षा दीक्षा-भिक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। फिर नहडोदी के बाद सभी बटुकगण एवं परिवार जन बारात के लिए तैयार हुए। बटुक भी दूल्हे की तरह तैयार हुए। इस अवसर पर अखंड ब्राहाण समाज की अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, निशा शर्मा, विभा तिवापी, बीनू तिवारी, सुमन पाण्डेय, आरती, योगिता, गीतांजलि, आशा तिवारी, पूनम, आरती, दुर्गेश, ममता तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

समाज लाइव

'एक बार आजमाने' की प्रवृत्ति से नशे के जाल में फंस रहे युवा



रायपुर। शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बिरगांव में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू अवेयरनेस, प्रिवेंशन और प्रोहिबिशन विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा ने की। मुख्य वक्ताओं के रूप में प्रो. डॉ. एलएस गजपाल (समाजशास्त्र विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) और डॉ. निखिल मोतीरमानी (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, श्री नारायणा हॉस्पिटल) ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति के सामाजिक और वैज्ञानिक पहलुओं पर जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. कविता कोसरिया (प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना), डॉ. रोज मीना कुजूर और डॉ. कविता कोसरिया ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

छात्रों ने पूछे सवाल

प्रो. गजपाल ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में बताया कि किस प्रकार युवा वर्ग 'एक बार आजमाने' की प्रवृत्ति से नशे के गंभीर जाल में फंस जाता है। वहीं डॉ. निखिल मोतीरमानी ने नशीले पदार्थों के सेवन से शरीर में होने वाले वैज्ञानिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कैंसर, हृदयाघात, लकवा, मेमोरी लॉस जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तार से समझाया और नशे की शुरुआत के शुरुआती लक्षणों को भी स्पष्ट किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका समाधान वक्ताओं ने सरल शब्दों में किया। आयोजन के अंत में यूथ रेडक्रॉस समिति के संयोजक डॉ. युगबोध पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

● बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर जयंती पर बौद्ध महिला सम्मेलन, नाट्य मंचन बना आकर्षण का केंद्र

नृत्य में झलकी समता की चेतना, सामाजिक न्याय के विचारों से मिली एकता की प्रेरणा

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में बौद्ध महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के जीवन, विचारधारा, सामाजिक न्याय, स्त्री स्वतंत्रता और उनके ऐतिहासिक कार्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा।

रायपुर। सम्मेलन में विचार संगोष्ठी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और परिचर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें महिलाओं की भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के जरिए सामाजिक समानता, बौद्धिक चेतना और स्त्रियों के अधिकारों की अवधारणाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध महिलाओं और युवा छात्राओं ने अपने विचार साझा किए।

मराठी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां

समाज की महिलाओं द्वारा दी गई मराठी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। पारंपरिक मराठी वेशभूषा में सजीं महिलाओं ने भीम गीतों पर ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों और संदेशों को जनमानस तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास किया गया।

नृत्य में झलकी विविधता

तीन घंटे चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल और सामूहिक नृत्यों के जरिए देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। नृत्य के माध्यम से महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में भीम गीत और बुद्ध वंदना पर आधारित प्रस्तुतियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शाम को यशोधरा ममता आहार द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन ने सभी का दिल जीत लिया।

परिचर्चा में रखे गए विचार

सम्मेलन में "धर्म, जाति और भाषाई विविधता ही भारत की पहचान है" जैसे गंभीर विषयों पर परिचर्चा आयोजित की गई। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संवैधानिक प्रावधान आज भी सामाजिक समरसता को मजबूती दे रहे हैं। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने भी सहभागिता दर्ज कराई। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य प्रतिभागियों को भी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कला प्रदर्शनी में कलाकारों ने सजाई जीवंत चित्रकारी

रायपुर। सीजी पेज संस्थान द्वारा तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन महंत घासीदास संग्रहालय में किया गया है। पहले दिन उद्घाटन समारोह में 47 चित्रकारों की जीवंत तस्वीरों का प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के होनहार चित्रकारों को मंच देना और कला के प्रति रुझान रखने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम प्रबंधन अनिल खोबरागड़े ने बताया कि यह आयोजन सोहई थीम पर रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ी परंपरा संस्कृति को विशेष महत्व दिया गया। चित्रकार राहुल दत्ता ने वनकन्या पेंटिंग तैयार की, जिसमें ग्रामीण महिलाओं के जीवनशैली और कुम्हार के जीवन को दर्शाया गया है। चित्रकार शांति कुमार ने बाइबिल के एक अध्याय का वर्णन चित्र के माध्यम से किया है, वहीं चित्रकार अनिल ने जल संरक्षण पर आधारित दो जीवंत तस्वीरें तैयार की हैं। यह तस्वीरें देखने से गोलाकार हैं, जिसमें अनेक रंगों का प्रयोग किया गया है। इस तस्वीर में बाहरी दुनिया और लोगों में पानी की समस्या को बढ़ता हुआ दर्शाया गया।

हनुमान भक्ति पर आधारित चित्रकारी

महाकोशल कला परिसर में राष्ट्रीय जुगलबंदी कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीराम और भगवान हनुमान की भेंट, भक्त द्वारा श्रीराम का इंतजार,भगवान राम के लिए फूलों की माला बनाते हनुमान, संजीवनी बूटी की खोज जैसे अनेक विषयों पर आधारित चित्र तैयार किए गए। कला प्रदर्शनी में 50 कलाकारों की चित्रकारी प्रस्तुत की गई है, दो दिवसीय कार्यक्रम में रविवार को सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक प्रदर्शनी संचालित होगी।

शांति का संदेश देने पॉम संडे पर रैली, पवित्र सप्ताह का स्वागत

रायपुर। मसीहीजन मोतीबाग स्थित सेंट पॉल्स कैथेड्रल डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में हर साल की तरह पॉम संडे के पहले दिन शहर में शांति का संदेश देने रैली निकालेंगे। इस रैली का आगाज हर साल की तरह सुबह 10.30 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल से किया जाएगा। इसके के बारे में डायोसिस के सचिव नितिन लॉरेंस ने बताया कि रैली की अगवाई बिशप सुषमा कुमार, पासबान और डीकनगण करेंगे। इस रैली के संयोजक जॉन राजेश पॉल एवं शमरोन केजू हैं। रैली सेंट पॉल्स कैथेड्रल से आकाशवाणी तिराहा, कोतवाली, बूढ़ापारा, कालीबाड़ी चौक, महिला थाने से होते हुए आगे बढ़ेगी। आकाशवाणी तिराहे से होते हुए कैथेड्रल प्रांगण में इसका समापन होगा।

खजूर की डाली लेकर निकलेंगे मसीहीजन

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले मसीही समाजजन रैली में शामिल होंगे। इसका सफल आयोजन करने के लिए समितियां भी बनाई गई हैं, जो अपना दायित्व निभाते हुए शहरवासियों को प्रेम का संदेश देने के लिए निकलेंगी। सचिव नितिन लॉरेंस ने समुदाय के सभी वर्गों से आव्हान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पॉम संडे सप्ताह के पहले दिन निकलने वाली शांति और एकता रैली का हिस्सा बनें। उन्होंने बताया कि रैली में दो हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। इस दौरान लोग खजूर की डाली और झांकी के साथ रैली का हिस्सा बनेंगे। इसके समापन से पहले समाज के लोग प्रार्थना करेंगे।

राजधानी के सभी गुरुद्वारों में रागी जत्थों द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति

मोबाइल से बचाने बच्चों और युवाओं को सिखा रहे शबद गुरबाणी, बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारों में सजाए जाएंगे दीवान

कार्नर न्यूज

रायपुर। सिख समाज बदलते दौर में बच्चों एवं युवाओं को मोबाइल से दूर रखने के लिए शबद गुरबाणी गायन और वादन की विधा सिखाने में रुचि लेने लगा है। इसमें पारंगत होने वाले बच्चों व युवाओं को तीज-त्योहार और खास अवसर पर गुरुद्वारों में दीवान सजाने के लिए अवसर देते हैं। इस प्रयोग से बच्चे व युवा गुरुबाणी गायन करते हुए समाज से भी जुड़ रहे हैं। हारमोनियम, तबला, गिटार-कैसियो बजाने के साथ गुरुग्रंथ साहिब के हर शबद को कीर्तन के जरिए पेश करना सीख रहे हैं। श्यामनगर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सिखाने वाली संस्था अनाहद अकादमी की प्रशिक्षिका दलजीत कौर ने बताया कि बैसाखी पर्व पर रविवार को लगभग सभी गुरुद्वारों में गुरुबाणी के लिए दीवान सजाए जाएंगे। इसमें मुख्य कीर्तन दल से पहले बच्चे व युवा गायन करेंगे।

सबसे पहले सरगम और ताल का अभ्यास

प्रशिक्षण के समय हारमोनियम, गिटार और कैसियो सीखने की इच्छा रखने वाले बच्चों और युवाओं को सबसे पहले सरगम का अभ्यास कराया जाता है। वहीं जो प्रतिभागी तलबा वादन पसंद करते हैं, उन्हें लय और ताल की बारीकियां सिखाई जाती हैं। इसे सिखाने के बाद किसी शबद के साथ उन्हें गायन और वादन से जोड़ने पारंगत किया जाता है। बैसाखी सिखों का महत्वपूर्ण त्योहार है, सन 1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उनकी सीख गुरुबाणी का हिस्सा बनती है।

बैसाखी पर्व पर आज गुरुद्वारों में गुरुबाणी

बैसाखी पर्व पर रविवार को पंथ की स्थापना का महत्व रागी जत्थे गुरुद्वारों में गुरुबाणी के माध्यम से पेश करेंगे। इसमें पंथ के लक्ष्य, धर्म और नेकी के रास्ते पर चलने तथा उसका पालन करने के संदेश को भी शबद में समाहित किया जाएगा। इस बार श्यामनगर गुरुद्वारा में अमृतसर दरबार साहेब से रागी जनरैल सिंह जत्थे के साथ दोपहर को सजने वाले दीवान में गुरुबाणी पेश करेंगे। इससे पहले अकादमी के बच्चों व युवाओं द्वारा शबद कीर्तन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसी तरह खालसा स्कूल कैंपस में भी बैसाखी पर खास आयोजन होगा।

सभी गुरुद्वारों में मत्था टेकने पहुंचेंगे लोग

त्रिलोचन सिंह ने बताया कि किसान अपनी फसल काटने की खुशी में भी यह त्योहार मनाते हैं। उत्सव का रूप देने के लिए इस दिन गिद्धा-भांगड़ा का भी आयोजन किया जाता है। इस सांस्कृतिक प्रोग्राम से हर साल खालसा स्कूल कैंपस गुलजार होता है। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग सपरिवार शामिल होते हैं। वहीं गुरुग्रंथ साहिब को मत्था टेकने के लिए भी भारी तादाद में सिख समाज के लोग पहुंचते हैं। इस अवसर पर शहर के लगभग सभी गुरुद्वारे में रागी जत्थे द्वारा कीर्तन दरबार सजाया जाता है। युवा और महिला विंग द्वारा सांस्कृतिक आयोजन भी किया जाता है।

खबर संक्षेप

पदभार ग्रहण समारोह में सैकड़ों समर्थक हुए शामिल

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष नंदकुमार साहू का भव्य पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए और लगातार समर्थक ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते एवं थिरकते देखे गए, जहां पर रायपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी के अलावा कई पार्षद एवं भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिलीप साहू, प्रदीप साहू, गिरधर साहू, शशांक मिश्रा, नंदू साहू, तुलसी साहू, गौतम साहू आदि ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला। कार्यक्रम में रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस भी शामिल हुए। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री साहू ने सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

रायपुर। 18 से 21 अप्रैल तक रायपुर से दुर्ग तक आयोजित 4 दिवसीय न्याय यात्रा के सफल आयोजन के लिए कांग्रेस ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। समितियों के प्रभारियों से कहा गया है कि न्याय यात्रा के विभिन्न व्यवस्थाओं का सुखरू संचालन कर यात्रा का सफल बनाने में योगदान दें। समिति में कार्यक्रम प्रभारी, प्लानिंग कमेटी, यात्रा रूट कमेटी, आवास एवं टेंट कमेटी, भोजन व्यवस्थाख वाहन व्यवस्था और मीडिया कमेटी का गठन किया गया है।

जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने संभाला पदभार

रायपुर। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पालिक निगम जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने खमतराई पानी टंकी परिसर स्थित जोन कार्यालय में पूजा-अर्चना कर जोन अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने पर जोन अध्यक्ष गज्जू साहू को रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन कार्यालय के अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर बुके प्रदान कर हार्दिक शुभकामनायें दीं। श्री साहू को नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार साहू, एमआईसी सदस्य संतोष-सीमा साहू, नंदकिशोर साहू सहित पार्षदों, पूर्व पार्षद गोदावरी साहू, गोपी साहू, पूर्व एल्डरमैन योगेश शेंडे, सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग खंडेलवाल, जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव सहित विशिष्टजनों और गणमान्य नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर हार्दिक बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा- हर जरूरतमंद को किफायती आवास उपलब्ध कराने सरकार कर रही प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने श्री सिंहदेव को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की लगभग 670 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही 8 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा, सबकी इच्छा होती है कि हमारे सिर पर छत हो। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि सभी का पक्का मकान हो, इसीलिए प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की। योजना के साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। सभी को आवास उपलब्ध कराने के लिए भगीरथ प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। शपथ लेने के दूसरे दिन कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। पिछले 14 माह के हमारे कार्यकाल में हाउसिंग बोर्ड की स्थिति सुधरी, बोर्ड अपने पैरों पर खड़ा हुआ है। इस अवधि में हमें केंद्र से 14 लाख आवास भी मिले हैं। केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान

670 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

छत्तीसगढ़ को शीघ्र ही साढ़े तीन लाख आवास और देने जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त कुंदन कुमार, बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सहज एवं किफायती दरों में मकान का सपना पूरा होगा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अनुराग को लंबे समय से विपरीत परिस्थितियों में कार्य के लिए जाना जाता है। निश्चित ही उनके अनुभवों का लाभ छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड को मिलेगा। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान एवं मजदूरों के लिए नित नई योजनाएं बनाकर उनकी बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से भी आम जनता को सहज एवं किफायती दरों में मकान का सपना पूरा होगा।

40 योजनाओं का पुनर्निर्माण

कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, हमारी सरकार बनते ही किफायती मूल्यों में गरीब जनता के लिए आवास तैयार करने का लक्ष्य रखा गया। हमने पूरे प्रदेश में अधूरी पड़ी लगभग 40 योजनाओं के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया है। पुरानी संपत्तियों की बिक्री के लिए हमने 'वन टाइम सेटलमेंट' के नाम से हितग्राहियों को छूट देने का भी कार्य किया है।

मात्र 45 हजार 653 शिकायतों से संबंधित आवेदन

सुशासन तिहार में मिले 11 लाख 99 हजार आवेदनों में 96 प्रतिशत मांगों से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता की समस्याओं के निदान के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए गए हैं। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए गए। मांग और शिकायत रखने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी दी गई है। चार दिन में कुल 11 लाख 99 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। इनमें 11 लाख 55 हजार 124 मांगों से संबंधित आवेदन आए हैं। जो कुल आवेदन का 96 प्रतिशत है। वहीं मात्र 45 हजार 653 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं।

सुशासन तिहार के शिविर में आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे सामान्य आवेदन ही ज्यादा आए। इसके अलावा राजस्व से संबंधित आवेदन भी मिल रहे हैं। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

इतने आवेदन मिले

	ऑनलाइन	शिविर में	शिकायत पेटी में
मांग	190804	867969	98871
शिकायत	22887	20010	2719
कुल	213691	884668	101301

मई में समस्या निवारण शिविर में मुख्यमंत्री सुनेंगे

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों के निकायों में शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदनों का मौके पर निराकरण का प्रयास हो रहा है। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण उच्च अधिकारियों के पास फाइल भेजने के बाद ही होगा, उसे नस्तीबद्ध कर संबंधित अधिकारी के पास भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अप्रैल के बाद मई में मुख्यमंत्री खुद लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके लिए जगह-जगह समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। इस शिविर में मंत्री, सांसद, विधायक और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

सुशासन तिहार में आए अजीबोगरीब आवेदन

सुशासन तिहार में गांव और शहर के लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकार को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इस दौरान कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो सरकार से अजीबोगरीब डिमांड कर रहे हैं। अंबिकापुर के एक संविदा कर्मचारी ने अपनी शादी के लिए सरकार से मदद की गुहार लगाई है। अंबिकापुर से ही मैनपाट के रहने वाले एक युवक ने सरकार से ससुराल जाने के लिए बाइक की मांग की है। वहीं धमतरी जिले एक आवेदक राजमन ध्रुव ने लिखा है कि पिछले 10 साल से अपनी शादी के लिए लड़की खोज रहा है, लेकिन नहीं मिल रही। उन्होंने मुख्यमंत्री से इसमें मदद के लिए गुहार लगाई है। वहीं एक आवेदक ने राज्य के वित्तमंत्री को हटाने की मांग की हैं।

सीएम ने कहा- रायपुर एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा

किसानों को मिलेगा फायदा

बीज निगम एवं राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्षों का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहा, कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद की किसानों एवं कृषि के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

खेत तभी लहलहाते हैं, जब बीज अच्छा होता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड की जिम्मेदारी है कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा, आज पदभार ग्रहण कर रहे दोनों अध्यक्ष स्वयं किसान हैं। वे किसानों की कठिनाइयों को अच्छे से समझते हैं। निश्चित रूप से दोनों अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा, रायपुर एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा जल्द शुरू होगी। किसानों की उपजों को इससे अंतरराष्ट्रीय मार्केट मिलेगा और उन्हें फायदा होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को नवा रायपुर के सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्षों के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के दुःख-दर्द को समझती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि और किसानों की उन्नति के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिल रहा है। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संपत अग्रवाल सहित विभिन्न मंडल आयोग के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

सुशील बोले-सुशासन तिहार में सरकार के प्रति जनता का गुस्सा खुलकर सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, साय सरकार किस बात का सुशासन तिहार मना रही है। राज्य में किसानों को जूते से पीटा जा रहा है, सिर्फ इसलिए उसने मिल मालिक के अवैध कब्जा के खिलाफ आवाज उठाई थी। युवाओं को रोजगार के लिये अंगारो पर चलना पड़ रहा है। राज्य की कानून व्यवस्था समाप्त हो गयी है। मासूम बच्ची के साथ दुराचार करके हत्या कर दी जाती है। राज्य में रोज हत्या, डकैती, बलत्कार हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में धान घोटाला और भारत माला घोटाला हो जाता है। आत्ममुग्ध सरकार सुशासन तिहार मना रही है। आम जनता का गुस्सा सुशासन तिहार में सामने आया है।

■ सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर जनता

भाजपा सरकार द्वारा मनाये गये सुशासन तिहार से सरकार की नाकामी सामने आई है। जनता ने सरकार को जो बड़ी संख्या में आवेदन दिया है, उससे सरकार का दागदार चेहरा सामने आया है। सुशासन का दंभ भरने वाली साय सरकार के राज में आम आदमी छोटे-छोटे कामों के लिये सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है। पटवारी कार्यालय से लेकर तहसील दफ्तरों में लोगों के नामांतरण, फौत, त्रुटि सुधार के लाखों आवेदन लंबित हैं, लोगों के काम नहीं हो रहे, आम आदमी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि एक सप्ताह में लाखों लोगो ने सरकार के पास सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसे रोजमर्रा के कामों के लिये आवेदन दिया है। महिलाओं ने शराब दुकानों से परेशान होकर हटाने के लिये आवेदन दिया है। साय सरकार लोगों के मूलभूत काम को भी नहीं कर पा रही है। सुशासन तिहार में बेरोजगार युवकों का साय सरकार के प्रति गुस्सा भी खुलकर सामने आया है।

धर्मांतरण पर भाजपा की नीयत में खोट, नहीं चाहती निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धर्मांतरण को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, वे धर्मांतरण पर केवल बयान देते हैं। राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, प्रदेश के शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में भी धर्मांतरण की घटनायें बढ़ गयी हैं। भाजपा खुद धर्मांतरण को बढ़ावा देती है, फिर वर्ग संघर्ष करवाती है। विपक्ष में रहते हुये धर्मांतरण के नाम पर फसाद करने वाले भाजपाइयों ने पिछले एक साल से प्रदेश में होने वाली धर्मांतरण की घटनाओं पर चुप्पी साध ली है। मामले में ठोस पहल करने या कानून बनाने की बात आती है तब भाजपा की नीयत में खोट साफ नजर आता है।

यही नहीं, खबरें तो यह भी आ रही हैं कि धर्मांतरण कराने वालों को सत्तारूढ़ दल का संरक्षण मिला हुआ है। जशपुर, बस्तर में धर्मांतरण की घटनाओं के बाद भाजपा की खामोशी इस बात का प्रमाण है कि इन घटनाओं को उसका समर्थन है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने अपनी पहली बैठक में ही वह दावा किया था कि नया "धर्म स्वातंत्र विधेयक" का ड्राफ्ट तैयार है, 60 दिन के भीतर लागू हो जायेगा, लेकिन सवा साल बीतने के बाद आज तक मौन है। भारतीय जनता पार्टी को हिन्दुत्व से, सनातन से कोई मतलब नहीं है। वो अपनी राजनीति करने के उद्देश्य से इस प्रकार की चीजों को प्रचारित प्रसारित करती है। छत्तीसगढ़ में भी धर्मांतरण की जो बातें हैं, उसके पीछे भारतीय जनता पार्टी है।

अमित में ही है फायदा

ZERO BANA HERO

0%

अमित सेल्स से लेने के फायदे

• True 0% Finance!
• आज मंगाइए, आज ही डिलीवरी और 24 घंटे में इंस्टॉलेशन • सबसे कम EMI
• फाइनेंस 36 महीनों तक उपलब्ध*
• छोटे अप्लायंसेज़ पर भी फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध
• पूरे भारत में फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

स्कैन करें और पाएं फ्री वाउचर

max | McDonald's | EaseMyTrip | Discovery | MediBuddy

और भी बहुत सारे वाउचर्स

Powered By BAJAJ FINSERV

आज शोरूम खुला रहेगा

AIR CONDITIONER EMI ₹1222*
BLUE STAR | VOLTAS | LG | DAIKIN

LED TV EMI ₹1299*
LG | SAMSUNG | SONY

COOLER EMI ₹999*
VOLTAS | KENSTAR | Symphony

REFRIGERATOR EMI ₹888*
LG | SAMSUNG

WASHING MACHINE EMI ₹888*
Whirlpool | IFB | LG

SMALL APPLIANCES EMI ₹999*

100+ DINING SET RANGE
100+ CENTRE TABLE RANGE
20 से 50% तक की छूट*
Amit Furniture CRAFTED WITH EXCELLENCE

EASY FINANCE सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
UP TO 10,000 CASHBACK BAJAJ FINSERV
HDFC BANK | AXIS BANK | standard chartered | SBI card | citi Credit Cards | FEDERAL BANK | kotak

एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स

संपर्क : 88199 00083
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर

*OFFER ON SELECTED BRANDS * T&C APPLY
नियम व शर्तें लागू*

SONY | SAMSUNG | LG | EUREKA FORBES | KENT | Whirlpool | IFB | VOLTAS | PHILIPS | KENSTAR | GENERAL | KUTCHINA | DAIKIN | Symphony | Embassy

खबर संक्षेप

प्रेस क्लब में लाइब्रेरी का शुभारंभ आज

देश के वरिष्ठ पत्रकार और संपादक स्व. गोविंदलाल वोरा की स्मृति में 13 अप्रैल को शाम 5 बजे रायपुर प्रेस क्लब परिसर में गोविंदलाल वोरा लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जाएगा। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल की विशेष उपस्थिति में आयोजित समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। वहीं भोपाल मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर और महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय ने बताया कि स्व. गोविंदलाल वोराजी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। यह लाइब्रेरी युवा पीढ़ी को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करती रहेगी। प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य रहे स्व. वोराजी का पूरा जीवन शिक्षा, समाज और पत्रकारिता को समर्पित रहा है। वे समाज के हर वर्ग और हर तबके के लोगों के लिए आदर्श रहे हैं। ऐसे में उनके नाम से बनी यह लाइब्रेरी आज के युवा पत्रकारों को एक आदर्श पत्रकार बनने की प्रेरणा देती रहेगी।

बिरगांव में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

रायपुर। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिले में मासूम नाबालिग बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना पर रोष व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि एवं शांतिसभा का आयोजन किया। बीरगांव के कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में आये दिन गंभीर किस्म के अपराध घटित हो रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं। दुर्ग की इस घटना ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, पार्षद मो. रियाज ओमप्रकाश, ईश्वर बंजारे, डिकेन्द्र सिन्हा, जानू भार्गव, चंदन पाल, छवि धीवर, सुदन सिकली, पूर्व पार्षद मनोज तिवारी आदि शामिल रहे।

दिन का पारा 40 के पार फिर भी रात में ज्यादा गर्मी, दो दिन बाद मौसम बदलने के बन रहे आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी समेत तीन शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार हो चुका है इसके बाद भी रात में ज्यादा गर्मी है। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही जो रात के टेंप्रेंचर को बढ़ाए हुए है। नांदगांव दिन में तो रायपुर रात में सबसे ज्यादा गर्म है। संभावना है कि अगले दो दिन बाद मौसम में बदलाव हो सकता है। अभी मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति

राजनांदगांव दिन तो रायपुर रात में सबसे ज्यादा गर्म

बनी हुई है जिसकी वजह से कभी कम तो कभी ज्यादा गर्मी महसूस हो रही है। शनिवार को रायपुर के अलावा राजनांदगांव और बिलासपुर का पारा सामान्य से अधिक रिकार्ड किया गया। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में यह तापमान सामान्य स्थिति में हैं। 11 बजने के बाद शुरू होने वाली गर्मी दोपहर तीन बजे तक अपना ज्यादा असर दिखा रही है। दूसरी ओर खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है, गर्मी से राहत सुबह-सुबह ही मिल रही है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक अगले दो दिन ज्यादा बदलाव नहीं होगा इसके बाद मेघ गर्जन, तेज हवा चलने के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना बन रही है। संभावना है कि 14 अप्रैल से बदलने वाला मौसम 20 अप्रैल तक अपना असर दिखा सकता है। पिछले चौबीस घंटे में केवल जशपुर के मनोरा में करीब एक सेमी. बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है।

इतिहास में पहली बार 10 ग्राम सोना और एक किलो चांदी के दाम 96900

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमत पर अमेरिका के टैरिफ वार के कारण एक बार अप्रैल के पहले सप्ताह में विराम लगने के बाद अब फिर से दाम आसमान पर जाने लगे हैं। जहां सोना पहली बार 96 हजार के पार होकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, वहीं इतिहास में पहली बार दस ग्राम सोने और एक किलो चांदी के दाम एक ही 96900 रुपए हो गए हैं। जब राजधानी रायपुर में शनिवार को बाजार बंद हुआ, तो इसी कीमत पर बाजार बंद हुआ है। इसके पहले चार अप्रैल को सोने और चांदी के एक ही दाम 92 हजार रुपए हुए थे, लेकिन तब सोना 92 हजार और चांदी की कीमत 92500 थी। अब दोनों के दाम में एक रुपए का भी अंतर नहीं है।

- सोना पहली बार 96 हजार के पार, दाम एक लाख तक जाने की संभावना

सोने और चांदी की कीमत में इस साल ज्यादातर इजाफा ही हुआ है। टैरिफ वार के कारण एक बार अप्रैल के पहले सप्ताह में सोने और चांदी के दाम कम होने लगे। सोने के दाम रिकॉर्ड 94 हजार तक जाने के बाद कम होते गए और इसके दाम सोमवार को 91100 रुपए पर आ गए। इसके बाद से मंगलवार से दाम बढ़ने का क्रम प्रारंभ हो गया। अब दाम बढ़ते-बढ़ते शनिवार को 96900 तक पहुंच गए। पांच दिनों में कीमत में 58 सौ रुपए का इजाफा हुआ है।

नए साल में सोना 18500 महंगा

नए साल में अब तक सोने के दाम 18500 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 96900 हो गई है। सोमवार को बाजार खुलने पर दाम 97 हजार के पार जा सकते हैं।

निकाय, जिला पंचायत के अग्रवाल समाज के निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे सम्मानित

निकाय चुनाव में निर्वाचित अग्रबंधुओं का सम्मान 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल सभा रायपुर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नगरीय निकाय चुनाव में पूरे छत्तीसगढ़ से निर्वाचित अग्रबंधुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें नगरीय निकाय और जिला पंचायत में प्रदेशभर से विभिन्न पदों पर निर्वाचित समाजजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से मैक कालेज सभागार समता कालोनी में आयोजित है।

समता कालोनी के मैक कालेज आडिटोरियम में अग्र गौरव सम्मान

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप अमर अग्रवाल पूर्व मंत्री एवम विधायक बिलासपुर, राजेश अग्रवाल विधायक अंबिकापुर, संपत अग्रवाल विधायक बसना और राजीव अग्रवाल अध्यक्ष सीएसआईडीसी रहेंगे।



अकाउंट फ्रीज होने पर मिली ठगी की जानकारी

शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर डॉक्टर से ठग लिए 33 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने एक डॉक्टर से 32 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की है। अकाउंट फ्रीज होने के बाद डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। जालसाज ने फंसाने के लिए किसी दूसरी जगह से ठगी के 75 हजार रुपए डॉक्टर के अकाउंट में ट्रांसफर किए। इसके कारण डॉक्टर की पत्नी का अकाउंट फ्रीज हो गया। अकाउंट फ्रीज होने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी की जानकारी मिली। घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है।

दलदल सिवनी कुल होम निवासी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि उसके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एसबीआई सिक्यूरिटीज एंड आईबीएचके के शेयर में अच्छा मुनाफा मिलने का मैसेज आया। मैसेज देख डॉक्टर ने अपनी पत्नी के अकाउंट से जालसाज के अकाउंट में दो लाख ट्रांसफर कर दिया। रकम ट्रांसफर करने के चंद दिनों के बाद डॉक्टर की पत्नी के अकाउंट में 75 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। 75 हजार मुनाफा मिलने पर डॉक्टर लालच में फंस गया और अलग-अलग किस्तों में जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दिया।

अकाउंट फ्रीज होने पर मिली जानकारी

डॉक्टर जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर रहा था, इस दौरान बैंक ने डॉक्टर तथा उनकी पत्नी का अकाउंट फ्रीज कर दिया। बैंक जाकर डॉक्टर ने अकाउंट फ्रीज होने की जानकारी ली, तो उन्हें पता चला कि उनके अकाउंट में फ्राड खाते से रकम ट्रांसफर होने की वजह से अकाउंट फ्रीज किया गया है। इसके बाद डॉक्टर ने केरल, थ्रीसूर सिटी के सायबर पुलिस से संपर्क किया, तो केरल पुलिस ने डॉक्टर को उनके अकाउंट में फ्राड रकम आने की पुष्टि की।

अनियमित कर्मचारी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज करेंगे प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेश के 50 से अधिक अनियमित संगठनों के कर्मचारी 13 अप्रैल को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन करेंगे। 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनियमित कर्मचारी धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलेंगे। प्रदेशभर के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।13 अप्रैल को लामबंद अनियमित कर्मचारी बड़ी संख्या में नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकजुट होकर धरना देंगे। अपनी मांगों की अनदेखी से नाखुश अनियमित कर्मचारी तूता के धरना स्थल में विरोध प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलेंगे। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने यह जानकारी दी।

जॉब फेयर 15 को

रायपुर। सेल्स जॉब, बैक ऑफिसर, टेली कॉलर, सर्विस एसोसिएट, टेक्निशियन एवं एक्सिक्यूटिव एकाउंट जैसे विभिन्न 34 पदों पर भर्ती के लिए 15 अप्रैल को रायपुर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक मोनेट टॉक बिजनेस एवं पीवीआर इनोक्स लिमिटेड रायपुर द्वारा 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक (बी.कॉम) और आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक) कर चुके युवा आवेदन कर सकते हैं।